डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

25 अक्टूबर 2025 शनिवार

आज का मौसम

31 अधिकतम

20 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## न्यूज विंडो

### जम्मू -कश्मीर में बीजेपी ने जीती एक राज्यसभा सीट

**जम्मू, एजेंसी।** अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए पहले राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को चौंकाते हुए 32 वोटों के साथ चार सीटों में से एक पर जीत हासिल कर ली। रिजल्ट ने सबको हैरान कर दिया क्योंकि बीजेपी के पास जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 28 सीटों विधायक हैं। बाकी के चार वोट बीजेपी को कहां से मिले, इस पर सियासत शुरू हो गई। भाजपा उम्मीदवार सत शर्मा की जीत सत्तारूढ़ दल द्वारा क्रॉस-वोटिंग के आरोपों के बीच हुई, जिसने चुनाव में सहयोगी कांग्रेस और विपक्षी पीडीपी का सशर्त समर्थन हासिल किया था। परिणाम घोषित होने के बाद विधानसभा के बाहर भाजपा और नेशनल कॉन्फ्रेंस के समर्थकों के बीच कुछ देर के लिए टकराव की स्थिति रही।

### दिल्ली में एनकाउंटर, एक बदमाश और हेड कांस्टेबल को लगी गोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी के महरौली में आज सुबह करीब 4 बजे पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। बदमाश ने चार राउंड फायरिंग की जिसमें हेड कांस्टेबल रविंद्र घायल हो गए और दो अन्य पुलिस कर्मियों के बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी है। जवाबी कार्रवाई में महरौली थाने की पुलिस टीम ने चार राउंड फायरिंग करके बदमाश को दबोचा है। आरोपी की पहचान कनिष्क उर्फ विशाल उर्फ कुकू पहाड़िया के रूप में हुई है। आरोपी पर कई आर्म्स एक्ट के मुकदमे चल रहे है।

### अमेरिका ने रूस पर प्रतिबंधों को बताया उचित, पुतिन को रोकने के लिए जरूरी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा रूस की दो प्रमुख तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर नए प्रतिबंध लगाना उचित और आवश्यक था। यह कदम रूस-यूक्रेन शांति समझौते पर हो रही धीमी प्रगति के प्रति अमेरिका की निराशा को दर्शाता है। लेविट ने कहा, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प हमेशा कहते रहे हैं कि जब उन्हें उचित और आवश्यक लगेगा, तब वे रूस पर प्रतिबंध लगाएंगे। कल वही दिन था। राष्ट्रपति लंबे समय से पुतिन और इस युद्ध के दोनों पक्षों के प्रति अपनी निराशा व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शांति वार्ता तभी सफल हो सकती है जब दोनों पक्ष उसमें वास्तविक रुचि और कार्रवाई दिखाएं। हालांकि ट्रम्प और पुतिन के बीच संभावित बैठक पूरी तरह असंभव नहीं है, लेकिन व्हाइट हाउस चाहता है कि इस बैठक का कोई ठोस सकारात्मक परिणाम निकलें और राष्ट्रपति का समय सही दिशा में इस्तेमाल हो। लेविट ने बताया कि ये नए प्रतिबंध काफी कठोर हैं।

### खगड़िया में नहीं मिली आरजेडी मुखिया के हेलीकॉप्टर को लैंडिंग की अनुमति

# शाह का मिशन बिहार जारी, तेजस्वी बोले-सरकार कर रही तानाशाही

**पटना/मुंगेर, एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बिहार दौरे में आज पहले खगड़िया पहुंचे हैं। यहां सभा को संबोधित करने के बाद मुंगेर जाएंगे। यहां नौवागढ़ी मैदान में मुंगेर, जमालपुर और तारापुर विधानसभा के प्रत्याशियों के लिए प्रचार करेंगे। इस बीच तेजस्वी के हेलीकॉप्टर को खगड़िया में उतरने की अनुमति नहीं मिलने पर राजद ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया।

खबरों के अनुसार अमित शाह की खगड़िया रैली में लखीसराय के सूर्यगढ़ा विधानसभा के प्रत्याशी भी मंच पर मौजूद रहेंगे। इसके बाद वे बिहारशरीफ में जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं गृह मंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री सह मुंगेर सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह भी मंच पर मौजूद रहेंगे। हालांकि गृह मंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अधिकारी के अलावा एसपीजी टीम के द्वारा उनकी रुपरेखा को गोपनीय रखा गया है जिस कारण कार्यक्रम स्थल पर किसी भी तरह की फोटो वीडियो बनाने पर रोक लगाई गई है।

इसके अलावा नौवागढ़ी मैदान में जो गृह मंत्री के कार्यक्रम में नेता एवं कार्यकर्ता आएंगे उनके बैठने के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है और सुरक्षा को लेकर बेरिकेडिंग की गई है। अत्यधिक भीड़ को देखते हुए तैयारी पूरी कर ली गई है।

कार्यक्रम में किसी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए शुक्रवार शाम जिला निर्वाचन पदाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर और एसपी सैयद इमरान मसूद सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने सभा स्थल का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सभा स्थल पर सामान्य लोगों के प्रवेश पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। कार्यक्रम के दिन केवल पास धारकों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। गृहमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट पर है।





### रद्द कर दी गई सभा

उधर ,तेजस्वी यादव की आज खगड़िया में सभा होनी थी। इसे रद्द कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने उनके हेलिकॉप्टर को लैंडिंग की परमिशन नहीं दी। दरअसल संसारपुर खेल मैदान में हेलिपैड बना है। केंद्रीय गृहमंत्री की भी उसी इलाके में सभा है। संसारपुर खेल मैदान में होने वाली सभा रद्द होने पर तेजस्वी ने कहा कि ये तानाशाही है। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता बदलाव के मूड में है और इस बार पूरा माहौल महागठबंधन के पक्ष में है। प्रधानमंत्री के भाषण का हर शब्द नफरत से भरा था। वे 11 साल से प्रधानमंत्री हैं, लेकिन बिहार को कुछ नहीं दिया। हमने अति पिछड़ा समाज से उपमुख्यमंत्री का नाम घोषित किया है।

### पटना में लगे तेजस्वी यादव के पोस्टर, बिहार का नायक बताया

राष्ट्रीय जनता दल ने पटना में तेजस्वी यादव के पोस्टर लगाए हैं जिनमें उन्हें बिहार का नायक बताया गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए पप्पू यादव ने कहा, मैं बिहार का बेटा हूं। एक सेवक हूं। हमेशा बेटा और सेवक ही बना रहूंगा। मुझे नायक बनने की कोई इच्छा नहीं है। उधर, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राजद-कांग्रेस पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा- 2005 में मेरे पिता रामविलास पासवान जी ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी। तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। उन्होंने कहा कि आरजेडी आज भी मुस्लिम सीएम बनाने के लिए तैयार नहीं है।

#### प्रधानमंत्री 30 को छपरा में



बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अक्टूबर को फिर बिहार आएंगे। उनका पहला कार्यक्रम मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में और दूसरा छपरा में होगा। नवंबर में भी उनके कई कार्यक्रम होंगे। NDA पांच पांडवों की तरह एकजुट है और नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है।

### पूर्णियां सांसद पप्पू यादव को इनकम टैक्स का नोटिस

चुनावी दंगल के बीच पूर्णियां के सांसद पप्पू यादव को इनकम टैक्स का नोटिस दिया गया है। उन पर बाढ़ पीड़ितों को नगद राशि बांटने का आरोप है। पिछले दिनों बिहार के कई जिलों में आई बाढ़ के पीड़ितों को पप्पू ने खुलेआम नगद राशि सहायता के रूप में बांटी थी। इनकम टैक्स का नोटिस मिलने के बाद पप्पू यादव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि यदि पीड़ितों की सहायता करना कोई अपराध है तो यह अपराध मैं करता रहूंगा।



खास खबर पेज -8

### आरजेडी में लौटने से बेहतर मौत को चुनूंगा: तेज प्रताप यादव



### बंगाल में SIR की प्रक्रिया एक नवम्बर से, ममता निकलेंगी विरोध रैली




**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन ( SIR ) की तारीख का ऐलान कर दिया है। एक नवंबर से शुरू हो रही इस प्रक्रिया से ममता बनर्जी की सरकार में हड़कंप की स्थिति है। भाजपा इसे 'वोटर लिस्ट की सफाई' का मौका बता रही है, जबकि तृणमूल कांग्रेस इसे 'राजनीतिक साजिश' करार दे रही है। रिवीजन के तहत वोटरों को दस्तावेज तैयार रखने होंगे, वरना नाम कट सकते हैं। आयोग के सूत्रों के मुताबिक, यह काम तीन महीने में पूरा होगा, और अगले हफ्ते अधिसूचना जारी हो जाएगी।

बूथ लेवल ऑफिसर्स घर-घर जाकर वोटरों का सत्यापन करेंगे। फर्जी, मृत या डुप्लिकेट नाम हटेंगे, नए वोटर जुड़ेंगे। बिहार में हाल ही में लाखों अवैध नाम कटे, जिससे विवाद बढ़ा। बंगाल में भी यही फॉर्मूला लागू होगा। आयोग ने स्पष्ट किया कि यह डिजिटल होग। पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकेंगे। लेकिन जमीनी स्तर पर बूथ लेवल ऑफिसर्स की भूमिका अहम रहेगी।

#### तारीख का ऐलान

पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल ने कहा कि एक नवंबर से प्रक्रिया शुरू होगी और जनवरी 2026 तक पूरी कर ली जाएगी। यह 2026 विधानसभा चुनावों से पहले की तैयारी है। आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की है जिसमे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, जन्म प्रमाण पत्र, मैट्रिक सर्टिफिकेट आदि शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में आधार को 12वां वैध दस्तावेज माना है। उधर ममता बनर्जी की टीएमसी ने इस इंटेंसिव रिवीजन को 'केंद्र की साजिश' बताया है। सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की, जिसमें कहा गया कि यह वोटर लिस्ट में हेरफेर का जरिया बनेगा। टीएमसीका दावा है कि बंगाल में पहले ही जनवरी 2025 में एक रिवीजन हो चुका, अब दोबारा क्यों? पार्टी ने कहा, यह घुसपैठिए हटाने का बहाना है। टीएमसी ने 10 नवंबर को कोलकाता में 'SIR विरोध रैली' की घोषणा की है।

#### सतारा का मामला: 4 पेज का सुसाइड नोट, सांसद और 2 पीए के भी नाम

## मकान मालिक के बेटे और इंस्पेक्टर ने किया था महिला डॉक्टर से रेप

**सतारा, एजेंसी**

जिले के अस्पताल में काम करने वाली डॉक्टर की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने डॉक्टर के मकान मालिक के बेटे प्रशांत को हिरासत में लिया है। प्रशांत बांकर पर रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज है। आत्महत्या के पहले डॉक्टर ने अपने हाथ पर नोट लिखा था। जिसमे सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत पर मेंटली हेरैस करने का आरोप लगाया है। हथेली पर सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने का नाम भी लिखा था। आरोप है कि बदने ने पिछले 5 महीने में 4 बार डॉक्टर का रेप किया। बदने भी आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहा था।

गोपाल बदने भी रेप और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। CM देवेंद्र फडणवीस ने सतारा के SP को आरोपी सब-इंस्पेक्टर को सस्पेंड करने के आदेश दिए हैं। महिला डॉक्टर बीड जिले की रहने वाली थी और फलटण तहसील के सरकारी अस्पताल में काम करती थी। पुलिस को 4 पेज का एक और सुसाइड नोट मिला है। जिसमें एक सांसद और उसके दो सहायकों का नाम है। आरोप है कि ये लोग डॉक्टर पर आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने का दबाव बना रहे थे। मना करने पर सांसद ने महिला डॉक्टर को फोन किया था।



महिला डॉ. की हथेली पर सुसाइड नोट।

डॉक्टर ने सुसाइड नोट में लिखा है कि सांसद के दो पर्सनल असिस्टेंट अस्पताल आए थे। दोनों ने उस पर अन्य केस से जुड़े आरोपियों के फर्जी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का दबाव बनाया। जो आरोपी अस्पताल नहीं आए उनके भी फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का बोलते थे। मैंने ऐसा करने से मना किया तो मेरी सांसद से फोन पर बात कराई थी।

### इंदौर में ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार

**इंदौर, एजेंसी।** आईसीसी विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप का मुकाबला खेलने आई ऑस्ट्रेलियन टीम की दो खिलाड़ियों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। घटना के बाद पुलिस ने पांच थानों की टीम बनाकर आरोपी की तलाश शुरू की और उसे पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। घटना खजराना रोड की बताई जा रही है।

दोनों महिला खिलाड़ी होटल रेडिसन ब्लू से पैदल कैफे (द नेबरहुड) की तरफ जा रही थीं। तभी सफेद शर्ट और काली टोपी पहने एक बाइक सवार युवक उनका पीछा करने लगा। कुछ ही देर में आरोपी ने इनमें से एक खिलाड़ी को गलत तरीके से छुआ और मौके से भाग निकला। घबराई दोनों खिलाड़ियों ने तुरंत टीम के सुरक्षा अधिकारी डैनी सिमंस को मैसेज किया और अपनी लाइव लोकेशन भेजी। जानकारी मिलते ही डैनी सिमंस ने टीम के सुमित चंद्रा से संपर्क कर मदद के लिए कार रवाना कर दी और खिलाड़ियों को सुरक्षित होटल पहुंचाया। दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना-माना नाम हैं। ऑस्ट्रेलिया टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है और उसका एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

## आंधी बारिश का अलर्ट, सर्दी का अहसास अगले महीने से

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मध्य पूर्व अरब सागर के ऊपर बने एक डिप्रेशन की वजह से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला रहेगा। मौसम विभाग ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर सहित प्रदेश के आधे हिस्से में कहीं- कहीं आंधी -बारिश और गरज चमक का अलर्ट जारी किया है। इस बीच पिछले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में बारिश का दौर भी जारी रहा । इनमे, इंदौर, ग्वालियर, रीवा, जबलपुर, सागर और नर्मदापुरम शामिल हैं।

दरअसल, देश के दक्षिणी हिस्से में लो प्रेशर एरिया एक्टिव है। इसका असर एमपी में देखने को मिल रहा है। इसके साथ ही वर्तमान में दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में बने लो प्रेशर एरिया का असर प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के जिलों में बना हुआ है। आज के लिए रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, ब?वानी, अलीराजपुर, धार,इंदौर, देवास, छिंदवा?ा, पांढुर्णा जिलों में गरज चमक के साथ बौछारों की सम्भावना व्यक्त की गई है।

**भोपाल में सुबह छाया हल्का कोहरा**



प्रदेश में बादलों की आवाजाही और आसपास बने लो प्रेशर एरिया और साइक्लोनिक सर्कुलेशन से ठंडक बनी हुई है, लेकिन अभी तक सर्दी का एहसास नहीं हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार नवंबर महीने से ठंड का दौर शुरू हो सकता है। फिलहाल इस महीने के अंत तक हल्की बूंदाबांदी का दौर ही देखने को मिलेगा।

### आज का कार्टून




### मेट्रो एंकर

#### नोटिस टू एयरमेन (NOTAM) चेतावनी जारी, दुश्मनों के निपटारे की होगी प्रेक्टिस

# 12 दिनों के लिए पाक बॉर्डर पर जुटेंगी तीनों सेनाएं, पाक आर्मी की नींद उड़ाएगा अब तक का सबसे बड़ा युद्ध अभ्यास 'त्रिशूल'

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की तीनों सेनाएं आगामी 30 अक्टूबर से 10 नवबंर तक पश्चिमी सीमा पर संयुक्त युद्धाभ्यास करेंगी। ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह सबसे विशाल युद्धाभ्यास है और जिस तरह से हाल ही में सर क्रीक इलाके में पाकिस्तान की असीम मुनीर की सेना की नापाक गतिविधियां सामने आई हैं, उसको देखते हुए इस युद्धाभ्यास के मायने और बड़े हो जाते हैं। भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के इस संयुक्त मिलिट्री ऑपरेशन को त्रिशूल युद्धाभ्यास का नाम दिया गया है। जाहिर है इससे पडोसी देश पकिस्तान की सेना की बेचैनी बढ़ गई है।

भारत ने 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास के लिए नोटिस टू एयरमेन ( NOTAM ) वाली चेतावनी भी जारी कर दी है, जिसमें बताया गया है कि तीनों सेनाएं एक विशाल युद्धाभ्यास को अंजाम देने जा रही हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 'त्रिशूल' युद्धाभ्यास के जरिए तीनों सेनाएं भारत की बढ़ती संयुक्तता के साथ आत्मनिर्भरता और इनोवेशन का प्रदर्शन करेंगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशस्त्र सेना के लिए जय विजन के आधार स्तंभ हैं।



#### अलग-अलग जगह पर ऑपरेशन

'त्रिशूल' में दक्षिणी कमान के जवान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे अलग-अलग जगहों पर संयुक्त ऑपरेशन को अंजाम देंगे। इसमें चुनौतियों से भरा कच्छ का क्रीक इलाका और पश्चीमी सीमा का रेगिस्तानी इलाका भी शामिल है। यही नहीं, भारतीय जवान सौराष्ट्र तट के समंदर में भी ऑपरेशन करेंगे। इस युद्धाभ्यास में खुफिया जानकारी जुटाने, निगराने करने और टोही गतिविधियों को भी अंजाम दिया जाएगा। इसी तरह इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और साइबर लड़ाई की चुनौतियों से जुड़े अभ्यास भी किए जाएंगे।

#### स्वदेशी पर आजमाएंगे हाथ

त्रिशूल का मकसद सशस्त्र सेना की एकीकृत रणनीति को धार देना है। साथ ही आत्मनिर्भर भारत मिशन के तहत देश में विकसित उपकरणों की संचालन क्षमता को भी युद्ध के मोर्चे के लिए आजमा कर देखना है। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में दी गई है, क्योंकि बढ़ते जोखिमों से सशस्त्र सेनाओं को हर स्थिति में तैयार रखने का काम किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में भी भारत के स्वदेशी हथियार दुश्मन के छक्के छुड़ाने में निर्णायक साबित हुए थे। सैटेलाइट इमेजरी एनालिस्ट डेमियन साइमन ने अपने एक्स हैंडल पर कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें भारत की ओर से पश्चिमी सीमा के लिए जारी NOTAM वॉर्निंग को दिखाया गया है।

### नगर निगम परिषद की अगली बैठक 30 को

# सवा महीने देरी से हो रही बैठक में केवल एक प्रस्ताव, वो भी निगम से बाहर जलप्रदाय का

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

नगर निगम परिषद की अगली बैठक 30 अक्टूबर को होगी। हर दो महीने में एक बार होने वाली यह बैठक अपने तय समय से सवा महीने देरी से हो रही है। पिछली बैठक 24 जुलाई को हुई थी, यानी 24 सितंबर से पहले यह बैठक हो जानी चाहिए थी। सवा महीने देरी से हो रही बैठक में बैरसिया के बांदीखेड़ी में विकसित होने जा रहे इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के लिए पानी सप्लाई का प्रस्ताव रखा जाना है।

बांदीखेड़ी में 371.95 करोड़ रुपए से इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर निर्माण को अगस्त में कैबिनेट की मंजूरी मिल चुकी है। बांदीखेड़ी में 2 एमएलडी यानी (20 लाख लीटर रोजाना) पानी मनुआभान टेकरी स्थित फिल्टर प्लांट से सप्लाई होना है। इसके लिए 300 मिमी व्यास की 30 किमी पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इस पर होने वाला 32 करोड़ रुपए खर्च स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉरपोरेशन वहन करेगा। इस पानी सप्लाई के बल्क कनेक्शन पर पानी का बिल भी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन देगा। नगर निगम की औपचारिक सहमति के बाद राज्य सरकार इसकी अनुमति देगी।

उधर, निगम परिषद बैठक में शहर से जुड़ा कोई मुद्दा नहीं होने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी और वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद गुड्डू चौहान ने कहा कि हमें बैरसिया में विकसित होने जा रहे औद्योगिक क्षेत्र को पानी देने पर कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन खराब सड़कों और पार्षद निधि के रुके हुए कामों पर परिषद में चर्चा क्यों नहीं हो रही? एचएफए के प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। शहर के नालों में सीवेज बह रहा है। लेकिन इन पर भी परिषद में चर्चा नहीं होती। और यह परिषद तो कानून का पालन भी नहीं कर रही है। हर दो महीने में होने वाली बैठक हर बार देरी से होती है। इस पर बार-बार शिकायत के




## मॉडर्न स्लॉटर हाउस की तारीख फिर बढ़ाई

जिंसी में पीपीपी मोड पर 35 करोड़ रुपए से बना जीरो वेस्ट मॉडर्न स्लॉटर हाउस एक साल से तैयार है, लेकिन अब तक शुरू नहीं हो सका। पहले 8 अक्टूबर को शुरुआत तय थी, पर शुक्रवार को हुई एमआईसी बैठक में तारीख फिर बढ़ा दी गई। अधिकारी अधूरे काम का हवाला दे रहे हैं, जबकि निर्माण एजेंसी के डायरेक्टर असलम कुरैशी का कहना है कि प्लांट पूरी तरह तैयार है। देरी से नगर निगम को रोज़ाना करीब 70 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। बैठक में कुल छह प्रस्ताव रखे गए, जिनमें 31 अनुकंपा नियुक्तियां, मालीखेड़ी आवास आवंटन और स्लॉटर हाउस प्रस्ताव प्रमुख रहे।

### नए स्लॉटर हाउस में खास

नया स्लॉटर हाउस पूरी तरह जीरो वेस्ट मॉडल पर आधारित है। इसमें अत्याधुनिक वेस्ट मटेरियल रेंडरिंग प्लांट और एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं। नए सिस्टम से पानी की खपत में 90 प्रतिशत तक कमी आएगी। वर्तमान में पुराने स्लॉटर हाउस में रोज़ाना 50 हजार लीटर पानी खर्च होता है। स्लॉटर हाउस शुरू होने के बाद घरों में होने वाली स्लॉटिंग को बंद कराया जाएगा। सभी मीट दुकानदारों को यहां से ही खरीदारी करनी होगी। खुले मांस की बिक्री व पॉलीथिन पैकिंग पर रोक लगेगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही शेष कार्य पूरे होंगे, प्लांट चालू कर दिया जाएगा।

### यह प्रस्ताव पास किए गए

बैठक में गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन निर्माण के लिए मेसर्स टेक्नो क्राफ्ट इंफ्रास्ट्रक्चर को 31 मार्च 2026 तक का समय दिया गया। पीएम आवास 2.0 में मेसर्स मेहता एंड एसोसिएट्स की 1.65ब्र न्यूनतम दर मंजूर की गई। वहीं अर्बन प्लानर राजीव कुमार व पीपीपी विशेषज्ञ धीरेंद्र उरमलिया की संविदा सेवाएं सितंबर 2026 तक बढ़ाईं।

### आज से शुरू होगा सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा

# भोपाल में उत्सव का माहौल, शहर के 52 घाट तैयार, लाखों श्रद्धालु होंगे शामिल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

आस्था और सूर्य उपासना का चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा आज से शुरू हो रहा है। राजधानी भोपाल में नगर निगम और प्रशासन ने घाटों पर तैयारियां पूरी कर ली हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए साफ-सफाई, रंग-रोगन, मरम्मत, विद्युत साज-सज्जा, चलित शौचालय, चेंजिंग रूम और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कर दी गई है। शीतलदास की बगिया, कमला पार्क, वर्धमान पार्क सनसेट पॉइंट, खटलापुरा घाट, काली मंदिर घाट, प्रेमपुरा घाट, हथाईखेड़ा डैम, बरखेड़ा और घोड़ा पछाड़ डैम सहित कुल 52 स्थलों पर छठ पर्व का आयोजन होगा। निगम की टीमें शुक्रवार देर रात तक सफाई और सजावट में लगी रहीं। भोजपुरी एकता मंच के अध्यक्ष कुंवर प्रसाद ने बताया कि इस बार लाखों श्रद्धालु विभिन्न घाटों पर अर्घ्य देने पहुंचेंगे। उन्होंने कहा कि शहर के उत्तर भारतीय समुदाय में छठ को लेकर उत्साह चरम पर है। बाजारों में पूजा सामग्री, सूप-दउरा, ठेकुआ मोल्ड, फल और साज-सज्जा के सामान की बिक्री में तेजी आई है।

### प्रशासनिक अमला भी तैयार

प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुलिस बल, गोताखोर टीम और मेडिकल सहायता केंद्र की व्यवस्था की है। ट्रैफिक पुलिस ने प्रमुख घाटों के आसपास पार्किंग और आवाजाही के लिए विशेष रूट प्लान तैयार किया है। घाटों पर प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और कंट्रोल रूम बनाए गए हैं।

**25 अक्टूबर को नहाय-खाय,**
**26 अक्टूबर को खरना**
**27 अक्टूबर को डाला छठ सांझी अर्घ्य**
**28 अक्टूबर को भोर अर्घ्य और पारण**

## चार दिनों के छठ पर्व के बारे में सबकुछ जानिए



**पहला दिन:** नहाय-खाय के दिन नदी में स्नान करके कद्दू-भात बनाया जाता है। इस दिन छठ व्रत करने वाली महिलाएं सुबह गंगा स्नान कर नए वस्त्र पहनती हैं। कद्दू यानी लौकी और भात का प्रसाद बनाती हैं। इस प्रसाद को खाने के बाद ही छठ व्रत की शुरुआत होती है। ऐसा माना जाता है कि मन, वचन, पेट और आत्मा की शुद्धि के लिए छठ व्रतियों का पूरे परिवार के साथ कद्दू-भात खाने की परंपरा सालों से चली आ रही है।

नहाय-खाय में बनने वाले भोजन में लहसुन-प्याज का इस्तेमाल नहीं होता है। इस दिन लौकी की सब्जी, अरवा चावल, चने की दाल, आंवला की चटनी, पापड़, तिलौरी बनते हैं। जिसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है। ऐसा माना जाता है कि प्रसाद के रूप में इन चीजों का सेवन करने से शरीर स्वस्थ होता है, जिससे इस महापर्व को करने की शक्ति और प्रेरणा मिलती है। नहाय-खाय के दिन बनाया गया खाना सबसे पहले व्रत रखने वाली महिलाओं और पुरुषों को परोसा जाता है। इसके बाद ही परिवार के अन्य लोग भोजन ग्रहण करते हैं।

**दूसरा दिन:** छठ पूजा के दूसरे दिन कार्तिक शुक्ल पंचमी को खरना बोलते हैं। इस दिन व्रती उपवास रखकर शाम को खरना का प्रसाद बनाती हैं। प्रसाद बनाने के बाद सबसे पहले भगवान भास्कर की पूजा की जाती है। पूजा खत्म करने के बाद प्रसाद ग्रहण किया जाता है। खरना का प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रती 36 घंटे का निर्जला व्रत का संकल्प लेती हैं।

खरना में गुड़ के खीर का प्रसाद भोग के रूप में चढ़ाया जाता है। सूर्य देवता और छठी मैया का ध्यान करते हुए व्रती गुड़ और चावल की खीर मिट्?टी के चूल्हा पर बनाती हैं। इसके साथ ही गेंहू के आटे की रोटी भी बनाई जाती है। चूल्हा जलाने के लिए आम की लकड़ी का इस्तेमाल किया जाता है। आम की लकड़ी को छठ पूजा के लिए शुभ माना गया है।

**तीसरा दिन:** तीसरे दिन कार्तिक शुक्ल द्व षष्ठी को दिन में छठ प्रसाद बनाया जाता है। इस दिन प्रसाद में ठेकुआ, जिसे कुछ क्षेत्रों में टिकरी भी कहते हैं, बनते हैं। इसके अलावा चावल के लड्डू बनाए जाते हैं। साथ ही चढ़ावे के रूप में लाया गया सांचा और फल भी छठ प्रसाद के रूप में शामिल होता है। शाम को पूरी तैयारी के साथ बांस की टोकरी में अर्घ्य का सूप सजाया जाता है, और सभी मिलकर सूर्य देव को नदी या तालाब के किनारे अर्घ्य देते हैं।

सूर्य को दूध और जल दोनों से अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद छठ मैया की भरे सूप से पूजा की जाती है और सारी रात छठी माता के गीत गाये जाते हैं। इसी दिन अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। अर्घ्य के दौरान छठ व्रती हाथों में फल और प्रसाद से भरा दउरा-सूप लेकर भगवान भास्कर की उपासना करती हैं। शाम को सूर्य की अंतिम किरण प्रत्युषा को अर्घ्य देकर नमन किया जाता है। माना जाता है कि छठ में शाम के वक्त सूर्य को अर्घ्य देने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। साथ ही लंबी आयु की भी प्राप्ति होती है।

**चौथा दिन:** छठ के चौथे दिन व्रती उगते सूर्य को अर्घ्य देती हैं। इसके साथ ही 36 घंटे का निर्जला उपवास समाप्त होता है। भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद व्रती छठ का प्रसाद खाकर अपना व्रत खोलती हैं। इसके बाद पारण होता है, जिसमें व्रती चावल, दाल, सब्जी, साग, पापड़, चटनी, बड़ी, पकौड़ी, आदि चीजें खाती हैं और उसके बाद पूरा परिवार खाना खाता है।

### प्रदेश में वाहन चोरों पर पुलिस का शिकंजा

# 118 चोरी के वाहनों के साथ आरोपी गिरफ्तार



**भोपाल।** वाहन चोरों पर लगाम लगाने के निर्देशों के बाद पूरे प्रदेश में वाहन चोरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया गया है। अक्टूबर के महीने में लाखों रुपए कीमत के वाहन पुलिस ने बरामद किए हैं। इस दौरान धार पुलिस ने पिछले कई महीनों से राजमार्ग की सड़क पर रॉपी लगाकर लूट व डकैती करने वाले बदमाशों को भी पुलिस ने पकड़ा। इधर भोपाल में टीटी नगर पुलिस ने महंगी स्पोर्ट्स बाइक चुराने वाले बदमाशों को धर दबोचा। प्रदेश भर में यह कार्रवाई डीजीपी कैलाश मकवाणा के निर्देश पर चलाई जा रही है।

पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार मप्र पुलिस ने प्रदेशभर में वाहन चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई करते हुये इस महीने विभिन्न जिलों में वाहन चोरों को दबोचा। पुलिस की त्वरित, प्रभावी और समन्वित कार्रवाई के परिणाम स्वरूप प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 118 दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं। इस दौरान धार पुलिस ने सबसे बड़ी सफलता हासिल करते हुए हाईवे पर रॉपी लगाकर लूट, डकैती और मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कुल 38 मोटर साइकिलें एवं लगभग 25 लाख रुपये का मशरूका बरामद किया, जो इस माह की सबसे बड़ी बरामदगी मानी जा रही है। भोपाल की टीटी नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी गई 10 महंगी मोटर साइकिलें, जिनमें कुछ सुपर बाइक भी शामिल हैं, बरामद की हैं। इसी प्रकार अन्य जिलों में भी उल्लेखनीय कार्रवाई की गई। खंडवा जिले में थाना मांधाता पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश कर 15 मोटर साइकिलें, शिवपुरी जिले में थाना बदरवास पुलिस ने 11 मोटर साइकिलें, छतरपुर जिले में थाना सिविल लाइन पुलिस ने 7 मोटर साइकिलें, मंडला में थाना बिछिया पुलिस ने 6 मोटर साइकिलें और सतना जिले में सिटी कोतवाली पुलिस ने 6 मोटर साइकिलें एवं 1 स्कूटी बरामद की हैं। इसके अतिरिक्त कटनी, उज्जैन, मंदसौर, विदिशा, सागर, डिंडोरी, रीवा और बालाघाट जिलों में भी पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए वाहन चोरी के मामलों में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी के वाहन बरामद किए हैं।

### गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी राशि बढ़ाने की मांग

# भोपाल में 29 अक्टूबर को निकालेंगे मोमबत्ती जुलूस, छह नवंबर के बाद हड़ताल पर जाएंगे

**भोपाल।** घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी की राशि बढ़ाने की मांग को लेकर एजेंसी संचालक हड़ताल पर जा सकते हैं। कलेक्टर को आवेदन सौंपकर उन्होंने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के सचिव को आगाह किया है। 29 अक्टूबर को भोपाल में मोमबत्ती जुलूस निकालेंगे तो 6 नवंबर से हड़ताल पर भी जा सकते हैं।

एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (आई) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएस शर्मा के नेतृत्व में एलपीजी वितरकों ने ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि अपनी एक सूत्रीय मांग के संबंध में ज्ञापन सौंपा है, जो सचिव भारत सरकार पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय नई दिल्ली को संबोधित है। एसोसिएशन द्वारा होम डिलीवरी एवं प्रशासनिक शुल्क में



तत्काल बढ़ोतरी किए जाने के संबंध में पूरे देश में यह ज्ञापन दिए गए। यदि अब भी हमारी नहीं सुनी जाती है तो 29 अक्टूबर को सभी जिला मुख्यालय एवं राजधानी में मशाल और मोमबत्ती जुलूस निकालेंगे। तीसरे चरण 6 नवंबर को सभी वितरक नो मनी, नो इंडेंट-न पैसा जमा करेंगे। आंदोलन के अंतिम चरण में दिल्ली में एलपीजी वितरक प्रदर्शन करेंगे और फिर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लेंगे।

### यह है मांग

अध्यक्ष शर्मा ने बताया, घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी राशि नहीं बढ़ रही है। साथ ही प्रशासनिक शुल्क बढ़ाने की मांग भी की गई है। 2018 और 2019 तक हर साल रिवाइज होता था, लेकिन 2020-21 में कोरोना के चलते नहीं बढ़ा। 2022-23 में मामूली बढ़ाया। इसके बाद मंत्रालय ने आईआईएम अहमदाबाद के एक्सपर्ट की कमेटी से रिपोर्ट तैयार कराई। जिसमें कहा गया कि डिलीवरी में न्यूनतम 120 रुपए का खर्च होता है। यह राशि साल 2022 में ही बढ़ जानी थी, लेकिन प्रस्ताव को मंजूरी नहीं मिली है। पिछले तीन साल से कोई कमीशन नहीं बढ़ाया गया। वर्तमान में 35 रुपए कमीशन और 38 प्रशासनिक चार्ज मिलता है। इस तरह कुल 73 रुपए मिलते हैं, जबकि बीमा, बिजली बिल, वाहन, ईंधन के रेट लगातार बढ़ रहे हैं।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रोगियों का हाल जाना**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हमीदिया के नेत्र रोग वार्ड में पहुंचे और दाखिल रोगियों से हालचाल जाना। डॉ. यादव ने प्रशांत, करण, अंश और आरिष नामक पीड़ितों से हालचाल पूछा। इनकी आंखों को कार्बाइड गन की वजह से क्षति पहुंची है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा कर रहे विशेषज्ञों से रोगियों के उपचार के संबंध में जानकारी प्राप्त की और समुचित इलाज के निर्देश दिए।

### करणी सेना करेगी 'ईडब्ल्यूएस क्रांति' का आगाज,

# उज्जैन से उठेगी समान अधिकारों की आवाज

**भोपाल।** आर्थिक रूप से कमजोर सवर्ण वर्ग के अधिकारों और सुविधाओं को लेकर श्री राजपूत करणी सेना ने मध्य प्रदेश में 'ईडब्ल्यूएस क्रांति' शुरू करने का ऐलान किया है। इस अभियान की शुरुआत 26 अक्टूबर को उज्जैन से की जाएगी, जहां करणी सेना प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव आंदोलन का नेतृत्व करेंगे। इसको लेकर शुक्रवार को भोपाल में एक प्रेसवर्ता आयोजित हुई है। इसमें अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि इंदौर, सावेर, देपालपुर, राऊ और महू से हजारों की संख्या में करणी सैनिक अपने वाहनों से उज्जैन पहुंचेंगे और आंदोलन में भाग लेंगे। करणी सेना प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव ने कहा कि हमारा उद्देश्य किसी वर्ग का विरोध करना नहीं है, बल्कि आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्ण समाज को उसका उचित हक दिलाना है। राष्ट्र निर्माण की धारा में सवर्ण वर्ग भी समान सम्मान का अधिकारी है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 26 अक्टूबर (रविवार) को दोपहर 12 बजे उज्जैन के दशहरा मैदान से होगा, जिसके बाद शहीद पार्क में एक विशाल सभा आयोजित की जाएगी। इस आयोजन में प्रदेशभर से हजारों कार्यकर्ताओं के जुटने की संभावना है।

**मेट्रो एंकर**

### भोपाल में स्किन स्पेशलिस्ट कॉन्फ्रेंस, नई तकनीकों पर मंथन

# क्यूटिकॉन एमपी में देशभर से जुटेंगे त्वचा और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भारतीय त्वचा रोग विशेषज्ञ संघ मध्यप्रदेश शाखा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वार्षिक कॉन्फ्रेंस क्यूटिकॉन एमपी 2025 शनिवार से भोपाल में शुरू हो रही है। दो दिवसीय इस कॉन्फ्रेंस में देशभर से लगभग 350 त्वचा रोग, लैंगिक रोग और कुष्ठ रोग विशेषज्ञ शामिल होंगे। राजधानी के एक निजी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस आयोजन में उपचार की नवीन तकनीकों, रोगों के कारणों और रोकथाम के उपायों पर विस्तृत चर्चा होगी।**

आयोजन सचिव और वरिष्ठ त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन कुमार पंड्या ने बताया कि कॉन्फ्रेंस की थीम "From Tradition to Transformation" रखी गई है, जिसके अंतर्गत पारंपरिक उपचार पद्धतियों से आधुनिक



तकनीकों तक की यात्रा पर विचार-विमर्श होगा। उन्होंने कहा, ÷अब लेजर, बायोलॉजिक्स और मिनिमली इनवेसिव तकनीक से कई जटिल बीमारियों का इलाज संभव हो गया है। कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य इन उपचार विधियों को चिकित्सकों तक पहुंचाना है।÷

आयोजन अध्यक्ष डॉ. आना एलेक्स ने बताया कि कार्यक्रम में वर्कशॉप्स, पैनल डिस्कशन, रिसर्च प्रेजेंटेशन और पोस्टर प्रतियोगिताएं होंगी। वहीं साइंटिफिक चेयरपर्सन डॉ. विवेक डे ने कहा कि इस आयोजन का मकसद विज्ञान, शिक्षा और सेवा को एक मंच पर जोड़कर चर्म रोग उपचार में नए आयाम स्थापित करना है।

### कॉन्फ्रेंस में देश के जाने-माने विशेषज्ञ शामिल होंगे

डॉ. रचिता धुरत हेयर डिजीज एक्सपर्ट
डॉ. एविट्स जॉन स्किन लेजर विशेषज्ञ
डॉ. अतुल कांठेड़, डॉ. दिलीप हिमानी, डॉ. अनिल दशोरे
डॉ. कुलदीप सक्सेना, डॉ. कविश चौहान हेयर ट्रांसप्लांट एक्सपर्ट
डॉ. डी.जी. सप्ले, पूर्व विभागाध्यक्ष, ग्रांट्स मेडिकल कॉलेज, मुंबई



## बिहार में सरकार बनाने वाली 52 सीटों पर मतदाताओं को साधेंगे सीएम मोहन

# 15 दिन करेंगे धुंआधार प्रचार, शिवराज सिंधिया भी मैदान में, वीडी संभालेंगे बूथ

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

बिहार चुनाव ने एमपी के सीएम डॉ. मोहन यादव की व्यस्तता बढ़ा दी है। वे अगले 15 दिनों तक बिहार आते-जाते रहेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि भाजपा और एनडीए ने तय किया है कि उन्हें 52 से अधिक सीटों पर उतारा जाए। ये सीटें यादव और ओबीसी बाहुल्य हैं। हमेशा से माना जाता रहा है कि ये सीटें बिहार में किसी भी दल की सरकार बनाने और बिगाड़ने में अहम रोल अदा करती हैं।

मध्यप्रदेश व बिहार भाजपा इकाई के कुछ प्रमुखों से मिली जानकारी के मुताबिक डॉ. यादव को इन सीटों पर न्यूनतम एक से चार बार तक उतारा जाएगा, जहां वे सभाओं से बिहारी मतदाताओं से संवाद करेंगे। रैलियां भी होंगी, जिनमें वाहन पर सवार होने के साथ-साथ प्रत्याशियों के साथ पैदल भी चलेंगे। नुक्कड़ सभाओं में हिस्सा लेंगे और सामाजिक समरसता सम्मेलनों के जरिए द्विपक्षीय संवाद भी करेंगे। शुक्रवार को चंपारण की बगाहा, सिगटा, सहरसा सीटों पर उतरेंगे। मुख्यमंत्री ने दिवाली से पहले भी दो दिन बिहार में चार सीटों पर सभाएं की थीं।

बिहार में जातीय समीकरण हावी रहा है। यही वजह है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन व अन्य ने सीट बंटवारे में जातीय समीकरण को ध्यान में रखा है। जातीय समीकरण में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग का बड़ा वोट बैंक है। बिहार में यादव मतदाता अहम स्थान रखते हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री स्वयं यादव समाज से आते हैं। इसलिए भाजपा उन्हें यादव बाहुल सीटों पर बड़े चेहरे के रूप में उतारना चाहती है। चुनावी जानकारों की मानें तो भाजपा बताना चाहती है कि वे उनको तवज्जो देते हैं और उदाहरण मध्यप्रदेश में यादव मुख्यमंत्री का होना है।

### शिवराज की पहचान मतदाताओं से घुलने-मिलने की रही

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी बिहार फतह की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक चौहान भी शुक्रवार को बिहार पहुंच गए हैं। देश भर में उनकी पहचान मतदाताओं से घुलने-मिलने की रही है, वह मामा के रूप में बड़ी पहचान बना चुके हैं। उन्हें ऐसी सीटों व क्षेत्रों में उतारे जाने की तैयारी है, जहां जनता को जनता से घुलने-मिलने वाले जनप्रतिनिधि की जरुरत होगी। वहीं मप्र में विधानसभा और लोकसभा में सर्वाधिक जीत का रेकॉर्ड बना चुके प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद वीडी शर्मा को पटना जोन में बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वह एमपी की तर्ज पर बिहार में भी बूथ मैनेजमेंट करने में जुट चुके हैं। उन्हें पटना जोन की 8 लोकसभा और 42 विधानसभा का जिम्मा मिला है। वे बूथ मैनेजमेंट पर फोकस हैं।

### व्यापारियों के बीच रहेंगे हेमंत खंडेलवाल

चुनाव प्रबंधन में आगे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को पार्टी ने शहरी क्षेत्रों की विधानसभा सीटों में भेजने का निर्णय लिया है, जहां वे व्यापारियां, उद्योगपतियों के बीच जाकर संवाद करेंगे। उनकी बातों को सुनेंगे और भाजपा व एनडीए की रीति–नीति से उन्हें अवगत कराएंगे। बिहार में इनके अलावा मध्यप्रदेश के 1200 से अधिक नेता व कार्यकर्ता बिहार में है। इनमें से कुछ की तैनाती एक महीने पहले हो चुकी है। कुछ 15 दिनों से है। ये जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं। आने वाले समय में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश के मंत्री प्रहलाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, राकेश सिंह, विश्वास सारंग, कृष्णा गौर को भी मैदान में उतारा जाना है।

## प्रदेश में निवेश का नया कीर्तिमान

# हर जिले में औद्योगिक निवेश की दिख रहीं अपार संभावनाएं

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास अब केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य के हर जिले में निवेश को सक्रिय रूप से लाने का काम किया है। उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, नर्मदापुरम, शहडोल, सागर और रीवा में आयोजित क्षेत्रीय रीजनरल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उद्योग सम्मेलन ने स्थानीय उद्यमियों और उद्योगपतियों को सीधे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के साथ जोड़ा। मुख्यमंत्री ने जर्मनी, स्पेन और जापान सहित प्रमुख देशों के दौरे किए, जहाँ उन्होंने मध्यप्रदेश के औद्योगिक अवसरों और निवेश की संभावनाओं को वैश्विक मंच पर पेश किया। देश के प्रमुख औद्योगिक शहरों में रोड शो के माध्यम से निवेशकों को प्रदेश की सरल सुगम औद्योगिक नीतियों, योजनाओं और अवसरों से सीधे परिचित किया। इन पहलों से न केवल निवेश बढ़ा बल्कि उद्यमियों के लिए औद्योगिक अवसर और युवाओं के लिए रोजगार भी सृजित हुए।

औद्योगिक अधोसंरचना और प्रमुख परियोजनाएँ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में औद्योगिक अधोसंरचना का विस्तार तेजी से हुआ है। राज्य के लगभग 85 प्रतिशत जिलों में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए गए हैं, जो प्रत्येक जिले की विशेषताओं और क्षमताओं के अनुरूप हैं। सितंबर 2025 तक 33 हजार 450 हेक्टेयर में 139 औद्योगिक पार्क तैयार हो चुके हैं जो 2023 की तुलना में दोगुने से अधिक हैं। नए औद्योगिक क्षेत्रों के लिए 4 हजार 861 हेक्टेयर में 5,700 करोड़ रुपए, मौजूदा क्षेत्रों के उन्नयन के लिए 761.77 करोड़ रुपए, और विशेष सहायता योजना के तहत 5 हजार 165.36 करोड़ रुपए मूल्य की 43 परियोजनाएँ स्वीकृत हुई हैं। उज्जैन में विक्रम उद्योगपुरी एक स्मार्ट औद्योगिक टाउनशिप के रूप में विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हाल में शिलान्यास किए गए धार में पीएम मित्रा टेक्सटाइल पार्क टेक्सटाइल मूल्य श्रृंखला का आधार बन रहा है। सितापुर-मुरैना में मेगा लेदर और फुटवियर पार्क 162.70 हेक्टेयर में फैला निर्यातोन्मुख केंद्र बन गया है। नर्मदापुरम के मोहासा-बाबई में नवकरणीय ऊर्जा उपकरण निर्माण क्षेत्र में 17 हजार 750 करोड़ रु. का निवेश हुआ है, 21,777 रोजगार सृजित हुए और 514.50 एकड़ भूमि 22 इकाइयों को आवंटित की गई।

### तकनीक, नवाचार और क्षेत्रीय कौशल

भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर में स्थापित आईटी और डिजिटल उद्योग केंद्र राज्य को बहु–क्षेत्रीय औद्योगिक शक्ति केंद्र बना रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मानना है कि तकनीक और नवाचार को स्थानीय प्रतिभा के साथ जोड़कर ही औद्योगिक विकास की सार्थकता है। क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन और प्रशिक्षण पहलों के माध्यम से स्थानीय युवाओं और उद्यमियों को उद्योग की मांग के अनुसार कौशल प्रदान किया जा रहा है।

### क्षेत्रीय औद्योगिक विकास के स्पष्ट परिणाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से जिलों में औद्योगिक विकास स्पष्ट रूप से दिख रहा है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ने निवेशकों को हर जिले की विशेष क्षमताओं और निवेश अवसरों जिससे निवेश सीधे धरातल पर आया। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के माध्यम से यह सुनिश्चित हुआ कि विकास सिर्फ शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि जिले और स्थानीय स्तर पर हर कोने में निवेश और उद्योगों का विस्तार हो।

### भविष्य निधि की शिकायतों के समाधान के लिये शिकायत निवारण सप्ताह

**भोपाल।** राज्य के सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) अभिदाताओं की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से कार्यालय महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी)-द्वितीय, मध्यप्रदेश, ग्वालियर में 27 से 31 अक्टूबर 2025 तक 'शिकायत निवारण सप्ताह' आयोजित किया जा रहा है। यह पहल महालेखाकार कार्यालय द्वारा अभिदाताओं की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाने और सेवा वितरण में पारदर्शिता एवं दक्षता लाने के उद्देश्य से की जा रही है। सप्ताह भर चलने वाले इस विशेष अभियान के दौरान जीपीएफ अभिदाताओं को अपनी शिकायतें सीधे महालेखाकार कार्यालय, ग्वालियर में प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। साथ ही समस्त आहरण संवितरण अधिकारी एवं लेखा संबंधी कार्यों में संलग्न अधिकारी को अभिदाताओं की शिकायतों का त्वरित परीक्षण कर तत्काल निराकरण सुनिश्चित करवा सकेंगे।

### पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी ने उपभोक्ताओं के लिए वाट्सएप चेटबोट सुविधा प्रारंभ की

**भोपाल।** पश्चिम क्षेत्र विद्युदत वितरण कंपनी की सूचना प्रौद्योगिकी टीम द्वारा उपभोक्ता सुविधा के लिये वाट्सएप चैटबोट व्यवस्था प्रारंभ की है। प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के समक्ष इस नई व अत्याधुनिक व्यवस्था का प्रस्तुतिकरण व अनौपचारिक शुभारंभ हुआ। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ताओं को अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर से वाट्सएप से 7312426395 पर Hi लिखना होगा। इसके बाद हिंदी अंग्रेजी भाषा के विकल्प का चयन कर प्रीपेड बिल, पोस्टपेड बिल, पास बुक, बिलों के पीडीएफ, सोलर संबंधी जानकारी, दैनिक खपत, संक्षिप्त विवरण, दैनिक बिजली खर्च की जानकारी, मासिक खपत, जमा राशि की जानकारी, बकाया राशि की जानकारी, प्रीपेड कनेक्शन होने पर वालेट में उपलब्ध बैलेंस इत्यादि विवरण एक दो सेकंड में ही प्राप्त हो जाएगा। व्हाट्सअप पर विद्युत संबंधी जानकारी प्रश्नोत्तरी के माध्यम से भी प्राप्त की जा सकेगी। सूचना प्रौद्योगिकी शाखा के अधीक्षण यंत्री श्री सुनील पाटौदी ने बताया कि वर्तमान में शासकीय कनेक्शनों को प्रीपेड किया गया है। प्रीपेड कनेक्शनों के लिए चेटबोट सुविधाएं प्रारंभ करने वाली पश्चिम क्षेत्र कंपनी राज्य की पहली कंपनी है।

## उच्च शिक्षा विभाग ने कराया ई-ग्रंथालयका निर्माण

# विद्यार्थियों को मिल रही ऑनलाइन किताबें पढ़ने की नि:शुल्क सुविधा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

उच्च शिक्षा विभाग तकनीकी नवाचार और डिजिटल क्रांति की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रदेश के 544 शासकीय महाविद्यालयों/ विश्वविद्यालयों की लाइब्रेरियों का डिजिटलीकरण कर उन्हें ई-ग्रंथालय बनाया गया है। अब विद्यार्थी ई-लाइब्रेरी के माध्यम से ऑनलाइन किताबें निःशुल्क पढ़ सकते हैं। प्रत्येक महाविद्यालय की लाइब्रेरी को राज्य स्तरीय डिजिटल नेटवर्क से जोड़ा गया है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों को समान रूप से अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो रही है।

### विश्वविद्यालय कलस्टर वार तैयार हुआ ई-ग्रंथालय

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई-ग्रंथालय को विश्वविद्यालय कलस्टर वार तैयार कराया गया है। इसके लिए सबसे पहले प्रत्येक विश्वविद्यालय का क्लस्टर तैयार किया गया, फिर उसके अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय महाविद्यालयों की लाइब्रेरी को एकीकृत कर ई-ग्रंथालय का स्वरूप दिया गया। विद्यार्थी अब अपने विश्वविद्यालय के ई-ग्रंथालय पोर्टल पर जाकर आसानी से विषयवार पुस्तकों की पढ़ाई कर सकते हैं।

### रजिस्ट्रेशन के बाद मिलेगी ई-ग्रंथालय की सुविधा

विद्यार्थियों को ई-ग्रंथालय के माध्यम से ऑनलाइन किताबें पढ़ने के लिए सबसे पहले अपने महाविद्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद महाविद्यालय द्वारा विद्यार्थी के ईमेल पर ऑटो-जनरेटेड आईडी और पासवर्ड भेजा जाएगा। इसके बाद विद्यार्थी लॉगिन कर ई-बुक्स का लाभ ले सकेंगे।



### 32 लाख से अधिक पुस्तकें ई-ग्रंथालय में हैं उपलब्ध

प्रदेश के 544 शासकीय शिक्षण संस्थानों (विश्वविद्यालयों/ महाविद्यालयों) में ई-ग्रंथालय से विद्यार्थियों को ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा मिल रही है। करीब 10 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने ई-ग्रंथालय पर रजिस्ट्रेशन है। इसमें लगभग 32 लाख से अधिक पुस्तकें ई-ग्रंथालय पर उपलब्ध है। ई-लाइब्रेरी व्यवस्था से अब प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों को कभी भी, कहीं से भी पढ़ाई करने की सुविधा मिल रही है। यह कदम मध्यप्रदेश को डिजिटल शिक्षा और स्मार्ट लर्निंग की दिशा में एक नया आयाम दे रहा है। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा विभाग श्री अनुपम राजन और आयुक्त उच्च शिक्षा श्री प्रबल ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा ई-ग्रंथालय के माध्यम से ऑनलाइन पढ़ाई की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों से

## एम्स भोपाल लाया प्रोस्टेट का सबसे आसान इलाज

# न चीरा लगेगा ना टांका, पुरुषों की यौन क्षमता को भी नहीं पहुंचाता कोई नुकसान

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

अगर आप बढ़े हुए प्रोस्टेट (बीपीएच) की परेशानी से जूझ रहे हैं, तो एम्स भोपाल ने पुरुषों के लिए देश की सबसे आधुनिक और बिना ऑपरेशन वाली तकनीक प्रोस्टेट आर्टरी एम्बोलाइजेशन (पीएई) शुरू कर दी है। यह एक ऐसा तरीका है जिसमें न कोई बड़ा चीरा लगता है, न ही लंबी सर्जरी की जरूरत होती है। एम्स भोपाल के इंटरवेंशनल रेडियोलाजी ट्रीटमेंट सेंटर में अब यह सुविधा आम मरीजों के लिए उपलब्ध है।

यह नई तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित

एम्स भोपाल के रेडियोलाजी डायग्नोसिस विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. राजेश मलिक ने बताया कि यह नई तकनीक पूरी तरह से सुरक्षित है और इसे अमेरिका और




यूके (ब्रिटेन) की बड़ी मेडिकल संस्थाओं ने भी सही ठहराया है। यह उन लाखों पुरुषों के लिए वरदान साबित होगी जो सर्जरी के डर से इलाज नहीं करा पा रहे थे। एम्स भोपाल में हाल ही में 65 साल के एक बुजुर्ग मरीज का इसी तकनीक से सफल इलाज हुआ है। उन्हें बार-बार पेशाब आने और पेशाब का बहाव कमजोर होने की समस्या थी। वे अपनी उम्र और सेहत की वजह से सर्जरी नहीं करवा सकते थे। डॉ. अमन कुमार ने यह पीएई प्रक्रिया पूरी की और मरीज कुछ ही हफ्तों में पूरी तरह ठीक हो गए। प्रोस्टेट आर्टरी एम्बोलाइजेशन बहुत ही आसान और सुरक्षित तरीका है। इसमें डाक्टर मरीज की कलाई या जांघ की नस (धमनी) में एक सुई की नोक जितना छोटा सा छेद करते हैं, जिसे पिनहोल कहते हैं।

### तकनीक की खासियतें

इलाज के लिए अस्पताल में रुकना नहीं पड़ता, मरीज उसी दिन घर जा सकते हैं। कोई बड़ा कट या टांका नहीं लगता।– यह इलाज पुरुषों की यौन क्षमता को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता, जो कि सर्जरी में एक बड़ा डर होता है।– जो बुजुर्ग या बीमार लोग सर्जरी नहीं करवा सकते, उनके लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है।

# लापरवाही में नपे टीकमगढ़ के 4 नपा कर्मी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने टीकमगढ़ नगरपालिका परिषद के 4 कर्मचारियों को निलंबित किया है। उन्होंने कहा है कि नगरीय निकायों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जन-प्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों की अब गंभीरता से जाँच की जा रही है और दोषी पाये जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। उल्लेखनीय है कि निलंबित कर्मचारियों के संबंध में टीकमगढ़ विधायक यादवेन्द्र सिंह ने शिकायत की थी। नगरीय प्रशासन संचालनालय द्वारा कार्यपालन यंत्री सागर को विधायक की शिकायत की जाँच के निर्देश दिये गये थे। प्राप्त जाँच प्रतिवेदन में 4 कर्मचारियों को दोषी पाया गया। दोषी कर्मचारियों द्वारा अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही, उदासीनता और अनुशासनहीनता पाई गई। निलंबित कर्मचारियों में टीकमगढ़ नगरपालिका परिषद के तत्कालीन उपयंत्री विजय सोनी और बी.के. चतुर्वेदी, तत्कालीन मुख्य नगरपालिका अधिकारी गीता मांझी तथा सहायक ग्रेड-3 सूर्या नायक दोषी पाये गये। निलंबन अवधि में गीता मांझी का मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल निर्धारित किया गया। अन्य कर्मचारी विजय सोनी, बी.के. चतुर्वेदी और सूर्या नायक का मुख्यालय कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास सागर निर्धारित किया गया है।

**मेट्रो एंकर**

## चेन्नई में होगी एशिया मास्टर्स चैम्पियनशिप, 28 देश के एथलेटिक्स के साथ रेस लगाएंगे

# 53 साल की उम्र में दौड़ेंगे मप्र के फ्लाइंग अफसर सोनकिया

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

चेन्नई में 5 से 9 नवंबर के बीच होने जा रही 23वीं एशिया मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एमपी के फ्लाइंग अफसर विनोद सोनकिया भी दौड़ेंगे। 53 साल के सोनकिया भोपाल में एसडीएम है। वे चैम्पियनशिप में भारत की तरफ से 200 और 400 मीटर दौड़ लगाएंगे।

इस टूर्नामेंट में भारत सहित एशिया महाद्वीप के 28 देश के एथलेटिक्स हिस्सा लेंगे। इसके लिए डिप्टी कलेक्टर सोनकिया हर रोज 3 से 4 घंटे पसीना बहा रहे थे। इसी साल मार्च में उन्होंने ओपन स्टेट एथलेटिक्स चैम्पियनशिप की 200 मीटर रेस में गोल्ड मेडल जीतकर सबको चौका दिया था। उनकी रेस 10-20 नहीं, बल्कि करीब 200 एथलेटिक्स से थी। इनमें हर उम्र के एथलेक्टिस थे, लेकिन सोनकिया ने सबको मात देकर गोल्ड हासिल कर दिया। इसके बाद नेशनल और इंटरनेशनल की तैयारी करने लगे। अभी वे टीटी नगर स्टेडियम में रोज सुबह 18 से 22 साल उम्र के एथलेक्टिस के साथ कर रहे हैं। कभी वे बचपन में अपने गांव के खेल मैदान में गड्ढों की वजह से रेस पूरी नहीं कर पाए थे, लेकिन जब दौड़े तो मेडल्स की झड़ी लगा दी। इस बीच 17 साल का ब्रेक और फिर कमबैक की उनकी कहानी भी दिलचस्प है। उन्हें अब फ्लाइंग अफसर के नाम से भी पहचाना जाने लगा है।

**नौवीं में जिद करके ट्रैक पर उतरे, पर रेस पूरी नहीं की–** सोनकिया बताते हैं कि 1985 में नौवीं क्लास में था। तब 14 साल उम्र थी। तब स्कूल में संभाग स्तरीय प्रतियोगिता हुई। जिद में ट्रैक पर उतर गया, लेकिन बिना तैयारी के। 100 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया, लेकिन गड्?ढों की वजह से गिर गया। दूसरी ओर, आखिरी पाइंट पर पापा इंतजार कर रहे थे, पर मैं पहुंचा ही नहीं। ये बात चुभ गई और ठान लिया कि अब जमकर दौडूंगा। इसी बीच साल 1989 में कॉलेज पहुंच गया। यहां कोच की देखरेख में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में उतरा। साल 1992 में बनारस में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट हुआ था। जिसमें 200 मीटर की दौड़ 22.7 सेकेंड में पूरी कर ली। यह उस समय रिकॉर्ड बन गया। लगातार 5 साल तक यूनिवर्सिटी चैंपियन रहा। सोनकिया ने बताया, कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की तलाश शुरू करने लगा। इस कारण वर्ष 1995 से दौड़ना बंद कर दिया। इसी दौरान 1 साल बड़ौदा डिवीजन में स्टेशन मास्टर और इसके बाद 11 महीने तक टीकमगढ़ में डिप्टी जेलर रहा।

### ब्लड प्रेशर बढ़ा मिला, इसलिए फिर से दौड़ना शुरू कर दिया



साल 2013 में सोनकिया की छतरपुर में बतौर तहसीलदार पद पर पोस्टिंग थी। इसी दौरान उन्होंने ट्रैक पर फिर कमबैक किया। इस बारे में सोनकिया बताते हैं कि मैं और मेरे चाचा एक शादी से लौट रहे थे। तभी रास्ते में उनकी तबीयत बिगड़ गई। तुरंत डॉक्टर के पास लेकर पहुंचा और कुछ जांचें करवाईं। तहसीलदार होने के नाते डॉक्टर ने मेरी भी ब्लड प्रेशर की जांच कर दी, जो बढ़ा हुआ निकला। सोनकिया बताते हैं कि ये जांच करवाने के बाद पूरी रात सो नहीं पाया। अगले दिन फिर से जांच करवाई तो कोलेस्ट्रॉल भी ज्यादा निकला। इसे कम करने के लिए योग और दौड़ना शुरू कर दिया। एक अफसर मित्र ने बताया कि सिविल सर्विसेस ऑल इंडिया होता है।

### लगातार 3 साल सिल्वर जीते

वापस ट्रैक पर उतरने के बाद सोनकिया ने कई मेडल जीते। सिविल सर्विसेस में 3 सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। वहीं, ओपन मास्टर में उनके पास 7 मेडल है। साल 2013 में वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स ब्राजील में हुई थी। 2014 में एशियन चैम्पियनशिप जापान और 2016 में सिंगापुर में हुई एशियन चैम्पियनशिप में भी मेडल जीते।

### आधी से भी कम उम्र के एथलेटिक्स के साथ प्रैक्टिस

सोनकिया अपनी से आधी उम्र के एथलेक्टिस के साथ प्रैक्टिस करते हैं। उन्होंने बताया, 18 से 22 साल तक के उम्र के बच्चों के साथ प्रैक्टिस करता हूं। ताकि, उनकी तरह ही ट्रैक पर दौड़ सकूं।

## देर पर दुरस्त

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आखिरकार महागठबंधन ने अपना सीएम चेहरा घोषित कर दिया है। तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इस फैसले पर पहुंचने के लिए काफी लंबी बातचीत और जद्दोजहद चली। आखिरकार, महागठबंधन के घटक दलों ने तेजस्वी के नाम पर मुहर लगाकर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की है। यह फैसला पटना में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लिया गया, जहां अलायंस के सभी प्रमुख चेहरे मौजूद थे। हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं पर सबसे ज्यादा फोकस था, क्योंकि सीट शेयरिंग और सीएम उम्मीदवार का असली पेंच इन्हीं दोनों दलों के बीच फंसा था। इस देरी से महागठबंधन में असमंजस बढ़ रहा था। कुछ दिनों पहले मुकेश सहनी ने कहा था कि महागठबंधन थोड़ा अस्वस्थ है, जिससे यही संकेत मिला कि बात नहीं बन पा रही थी। कांग्रेस की तरफ से कभी भी तेजस्वी के नाम का सीधा विरोध नहीं किया गया, बस सहमति नहीं जताई जा रही थी। बिहार में लोग पहले से ही मान रहे थे कि तेजस्वी ही चेहरा होंगे और इसका ऐलान सिर्फ एक औपचारिकता है। ऐसा इसलिए भी था क्योंकि गठबंधन के सभी साथी किसी दूसरे ऐसे नाम पर सहमत नहीं हो पा रहे थे। इस घोषणा में देरी की एक बड़ी वजह यह भी थी कि कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपना दावा पेश करना चाहती थी। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 70 सीटें मिली थीं, लेकिन जीत सिर्फ 19 पर मिली थी। इसलिए, पार्टी इस बार ज्यादा और जीतने की संभावना वाली सीटें चाहती थी। इस बातचीत में काफी वक्त लग गया और अगर अब तेजस्वी के नाम पर एकता प्रदर्शित नहीं की जाती, तो शायद महागठबंधन के लिए देर हो जाती। हालांकि, कुछ सीटों पर फ्रेंडली फाइट यानी आपसी सहमति से चुनाव लड़ने की संभावना अब भी बनी हुई है।

एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को सीएम उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र 28 अक्टूबर को आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है।

# छठ महापर्वः प्रकृति, पवित्रता और प्रार्थना का अनूठा लोकपर्व

योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार



आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है, इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निःसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उन्हें दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर-परिवार में सुख-समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं।



इस साल 25 अक्तूबर से नहाय-खाय के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान के साथ कार्तिक छठ पर्व की शुरूआत हो रही है। इस दिन छठ व्रती नियम-धर्म से सात्विक भोजन बनाकर प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे। छठी मइया को ध्यान कर छठ पूजा 2025 का संकल्प नहाय-खाय पर ही लेने का विधान है। इस दिन छठी मइया और आदित्य देव के लिए गीत गाकर उनका आह्वान किए जाने की परंपरा है। 26 अक्तूबर को खरना है। इस दिन छठ व्रती पूरी निष्ठा से छठी मइया को खीर का प्रसाद बनाकर भोग लगाती हैं। लोहंडा का यह प्रसाद घर-परिवार और पास-पड़ोस में जनमानस को ग्रहण कराने का विधान है। ऐसी मान्यता है कि खरना का प्रसाद ग्रहण करने से जीवन के सारे दूख दूर होते हैं। छठी मइया व्रती की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।

27 अक्तूबर को अस्ताचलगामी भगवान भाष्कर को संध्याकालीन अर्घ्य अर्पण किया जाएगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर छठ व्रती अपने परिवार की सुख-समृद्धि और संतति वृद्धि की कामना आदित्य देव से करते हैं। ऐसी मान्यता है कि ढ़लते सूरज को जल चढ़ाने से भगवान दिनकर छठ व्रती को भर-भरकर आशीष देते हैं।

28 अक्तूबर को उदीयमान सूर्य को प्रातःकालीन अर्घ्य दिया जाना है। इस दिन दीनानाथ के उगते स्वरूप का दर्शन कर छठ व्रती खुशहाली की कामना करती हैं। परिवार के लोग भी छठ व्रती को सामने से दूध-जल का अर्घ्य अपर्ण कर अपनी निष्ठा प्रकट करते हैं। छठी मइया से मंगलकामनाएं की जाती हैं। छठ पूजा का प्रसाद छठ घाट पर ही ग्रहण करने का विधान है। अंतिम चरण में छठ व्रती पारण कर चार दिवसीय छठ पर्व का अनुष्ठान समाप्त करती हैं। नियम, संयम और तपस्या का महापर्व छठ चार दिनों तक चलता है लेकिन इसकी तैयारी कई सप्ताह पहले ही शुरू हो जाती है। षष्ठी तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व की शुरूआत मूल रूप से बिहार और पूर्वांचल से हुई मानी जाती है लेकिन अब यह न केवल भारत के अलग-अलग राज्यों में बल्कि विदेशों में भी मनाया जाने लगा है और बिहार तथा पूर्वांचल के ही नहीं, अन्य क्षेत्रों के बहुत से लोग भी अब छठ पर्व के प्रति आस्थावान होकर यह व्रत करने लगे हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा-आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है।

इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पाण्डव जब अपना सारा राजपाट जुए में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रोपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पाण्डवों को राजपाट वापस मिला। पाण्डवों की पत्नी द्रोपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ-सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ-सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ-सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्यौहार माना जाता है।

# अंतरराट्रीय कलाकार दिवस -कला को जानने का एक खास दिन

संजय गोस्वामी
स्तम्भकार



हर साल अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस 25 अक्टूबर को मनाया जाता है, 25 अक्टूबर को मनाया जाने वाला अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस कलाकारों और उनके योगदान का सम्मान करता है। यह दिन सबसे प्रसिद्ध कलाकारों में से एक, पाब्लो पिकासो, जिनका जन्म 25 अक्टूबर, 1881 को हुआ था, उनके सम्मान में कलाकार दिवस मनाया जाता है। पाब्लो पिकासो विपुल रचनाकार, वे मुख्यतः एक चित्रकार थे, लेकिन उन्होंने प्रभावशाली मूर्तिकला, चित्रकला, मुद्रण, चीनी मिट्टी की चीज़ें और रंगमंचीय डिज़ाइन के साथ-साथ कविताएँ और कला पर भी लेखन किया।कलाकार अपनी कृतियों को रचने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। वे हमारे आसपास की दुनिया में सुंदरता भरते हैं। ज़्यादातर कलाकार कई अलग-अलग माध्यमों से काम करते हैं। इतना ही नहीं, कलाकार शब्द में चित्रकार, फ़ोटोग्राफ़र, मूर्तिकार, संगीतकार, नर्तक, लेखक, अभिनेता, डिजिटल कलाकार और बहुत कुछ शामिल हैं। जब कोई रचनात्मक प्रतिभा के साथ पैदा होता है, तो उसकी रचनात्मकता कई अलग-अलग क्षेत्रों में प्रवाहित होती है। उदाहरण के लिए, पिकासो एक चित्रकार, मूर्तिकार, सिरेमिक कलाकार, कवि और नाटककार थे। कला रचनात्मक या कल्पनाशील प्रतिभा का उपयोग करके बनाई गई सांस्कृतिक गतिविधि है, जिसमें भावनात्मक शक्ति, तकनीकी दक्षता या सुंदरता की अभिव्यक्ति के माध्यम से एक सार्थक अनुभव उत्पन्न करने की उम्मीद की जाती है। यह एक कौशल है जिसमें शारीरिक और मानसिक दक्षता का उपयोग होता है। कला में चित्रकला, मूर्तिकला, साहित्य, संगीत और नृत्य जैसे विविध रूप शामिल हैं। कला की परिभाषा और महत्व अभिव्यक्ति का माध्यमः कला मानवीय भावनाओं, विचारों और अनुभवों को व्यक्त करने का एक शक्तिशाली माध्यम है। कौशल और कल्पनाः यह कौशल और कल्पना का एक संयोजन है जो विभिन्न रूपों में प्रकट होता है। सांस्कृतिक और भावनात्मक लाभः कला तनाव कम करने, मानसिक शांति देने और भावनाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करती है। यह संस्कृति और परंपराओं को संजोने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने का भी एक साधन है। कला के प्रकार दृश्य कलाः इनमें चित्रकला, मूर्तिकला, ड्राइंग, फोटोग्राफी और वास्तुकला शामिल हैं। प्रदर्शन कलाः इनमें नृत्य, संगीत, रंगमंच और अभिनय शामिल हैं। साहित्यः इसमें कविता, नाटक और कहानियाँ शामिल हैं। हस्तशिल्पः इसमें उपयोगी और सुंदर वस्तुएँ बनाना शामिल है। कला के तत्व कला के सात मुख्य तत्व हैंः रेखा (Line): विकर्ण, ऊर्ध्वाधर और लहरदार रेखाएं। आकार (Shape): द्विविमीय रूप। स्थान (Space): वस्तुओं के बीच और आसपास का क्षेत्र। मूल्य (Value): रंग की हल्कापन या गहरापन। रूप (Form): त्रि-आयामी वस्तुएँ। बनावट (Texture): सतह का अनुभव। रंग (Color): रंगों का उपयोग आदि शामिल है। कला का उद्भव लिखित कृतियों से बहुत पहले हुआ था। आदिकाल से ही, कला विचारों का संचार करती रही है और महत्वपूर्ण घटनाओं का अभिलेख रखती रही है। कला अतीत से जुड़ाव प्रदान करती है। कलाकार हमारे इतिहास को अमिट रूप से दर्ज करते हैं। वे सत्य को भी उजागर करते हैं। अपने काम के माध्यम से, वे कहानियाँ सुनाते हैं और परंपराओं को आगे बढ़ाते हैं। कलाकारों के पास अपने आसपास के लोगों से जुड़ने का एक अनूठा तरीका होता है। बुरी खबरों से भरी इस दुनिया में, उनकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में



से एक आशा का संदेश देना है। दुनिया भर के कई संगठन अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस का समर्थन करते हैं। इनमें मेट्रोपॉलिटन म्यूज़ियम ऑफ आर्ट, आर्ट गैलरी ऑफ ओंटारियो, नेशनल गैलरीज़ ऑफ़ स्कॉटलैंड, जेरूसलम फ़ाउंडेशन और कई अन्य शामिल हैं। स्थानीय कलाकारों का सम्मान करने के लिए, व्हाइट रॉक, ब्रिटिश कोलंबिया और सैन मिगुएल, स्पेन जैसे कई शहर ललित कला उत्सवों का आयोजन करते हैं। दुनिया भर की कला दीर्घाएँ ओपन हाउस आयोजित करती हैं और जनता को अपनी कला को निःशुल्क या रियायती मूल्य पर देखने के लिए आमंत्रित करती हैं। अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस में भाग लेने के लिएः आप किस तरह के कलाकार हैं, यह जानने के लिए एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी करें किसी भूखे कलाकार को दोपहर के भोजन पर ले जाएँ अपने घर के लिए एक नई पेंटिंग खरीदें किसी आर्ट गैलरी में जाएँ सिम्फनी में जाएँ कला कक्षाओं के लिए साइन अप करें किताब लिखना शुरू करें कोई संगीत वाद्ययंत्र बजाना सीखें किसी प्रतिभा प्रदर्शन प्रतियोगिता में भाग लें अपने स्थानीय कलाकारों का समर्थन करें किसी ऐसे बच्चे को प्रोत्साहित करें जिसमें रचनात्मकता का उपहार हो एक चित्र बनाएँ कला में रचनात्मकता आपके चारों ओर है, जिसका अर्थ है कि यह एक ऐसा दिन है जिसे आप हर दिन मना सकते हैं। अपने फ़ोन से एक तस्वीर लेना भी कला का एक रूप है। आप जश्न मनाने के लिए चाहे जो भी करें कनाडाई कलाकार, क्रिस मैकक्लर ने 2004 में अंतर्राष्टीय कलाकार दिवस की शुरुआत की थी। तब से, 25 अक्टूबर का दिन कलाकारों द्वारा समाज में दिए गए सभी योगदानों का जश्न मनाने के लिए समर्पित है।

## सुविचार

*हमेशा खुद का प्रथम श्रेणी का संस्करण बनें, न कि किसी और का द्वितीय श्रेणी का संस्करण।*

*-अज्ञात*

## निशाना

### आई दिवाली गई दिवाली..!



घनश्याम मैथिल 'अमृत'

आई दिवाली गई दिवाली,
जेब हुई है बिल्कुल खाली,
दीवारों पर रंगत आई ,
रौनक गायब चेहरे वाली,
लड़कियां उतरीं दीप बुझ गए,
रात स्याह फिर काली काली,
लड्डू पपड़ी गुझिए खाए,
फिर रोटी सब्जी की थाली,
बम पटाखे बंद हुए सब,
जरा जोर से ठोको ताली,
हार गले का हुई दुकानें,
बात न उनकी जाती टाली,
सांसों का घट रीत रहा है,
समझ अरे बगिया के माली,
आँख।बंद कर अंदर देखा,
बाहर की खुशियां सब जाली,
परमातम का रूप न बरने
छटा है उसकी बड़ी निराली।

फूड ऑप्शन

# वंदे भारत और शताब्दी में अब यात्रियों को मिलेगा डायबेटिक फूड

**आपको** पता ही होगा कि भारत इस समय दुनिया का डायबिटीज कैपिटल बन चुका है। आप देश के किसी भी हिस्से में चले जाइए, टाइप टू डायबिटीज तो इस समय एक सामान्य रोग दिखेगा। चाहे गरीब हो या अमीर, कम उम्र के लोग हो या अधिक उम्र के, सभी में इस रोग की उपस्थिति सामान्य रूप से पाई जाती है। एक अनुमान है कि इस समय देश भर में करीब 22 करोड़ लोग इस रोग के साथ जीवन बिता रहे हैं। इस समय भारत की पहचान दुनिया के डायबिटीज कैपिटल के रूप में हो रही है। यहां करीब 22 करोड़ लोग टाइप-2 डायबिटीज से पीड़ित हैं। यही नहीं, इनकी संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। पहले सिर्फ बूढ़े व्यक्ति ही इस रोग से पीड़ित होते थे। अब तो जवान व्यक्ति भी बड़ी संख्या में इसकी चपेट में आ रहे हैं।



The Lancet की साल 2023 में आई एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 21.2 करोड़ डायबिटीज के मरीज थे। जबकि चीन में यह संख्या 14.9 करोड़ और अमेरिका में महज 4.2 करोड़ है। मतलब कि यदि चीन और अमेरिका, दोनों की संख्या को जोड़ दिया जाए तो भी यह 19.1 करोड़ ही होती है। भारत में अकेले 21 करोड़ से ज्यादा डायबेटिक व्यक्ति हैं। भारत में हर साल औसतन 16 लाख लोग डायबिटीज की वजह से काल के गाल में समा जाते हैं। इसी को देखते हुए रेलवे बोर्ड ने फैसला लिया है कि अब राजधानी एक्सप्रेस, शताब्दी एक्सप्रेस, दूरंतो एक्सप्रेस और वंदे भारत एक्सप्रेस में फूड ऑप्शन बढ़ा दिया जाए। यह ऑप्शन टिकट बुक करते समय ही दिखाया जाएगा। इस बारे में पिछले महीने ही एक आदेश निकाल दिया गया है।

**कौन से भोजन का ऑप्शन मिलेगाः** रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब रेलवे के सभी प्रीपेड ट्रेन में पांच तरह के फूड ऑप्शन मिलेंगे। पहला- वेज, दूसरा- नॉनवेज, तीसरा- जैन मील, चौथा- डायबेटिक वेज और पांचवां- डायबेटिक नॉनवेज। मतलब कि डायबिटीज से ग्रस्त लोगों को वेज और नॉनवेज, दोनों तरह के भोजन का ऑप्शन मिलेगा।

**तत्काल प्रभाव से हो गया लागूः** रेलवे बोर्ड के अधिकारी ने बताया कि यह फैसला तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। अब सभी प्रीमियम ट्रेन में टिकट की बुकिंग के साथ ही अपने भोजन का प्रीफरेंस चूज करेंगे। साथ ही यात्रियों को यह भी ऑप्शन है कि यदि वह राजधानी, शताब्दी, वंदे भारत आदि ट्रेनों में भोजन नहीं लेना चाहें तो उनसे फूड एंड बीवरेज के पैसे नहीं लिए जाएंगे।

हेल्दी लाइफ

# नेचुरल मेडिसिन है मोरिंगा, डेली डाइट में करेंगे शामिल तो होगा बीमारियों से बचाव

**आज** की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी लाइफस्टाइल ने लोगों की सेहत को सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। गलत खानपान, नींद की कमी, तनाव, और कम फिजिकल एक्टिविटी जैसे फैक्टर्स इम्यूनिटी को कमजोर करने और ओवरऑल हेल्थ को बिगाड़ने का काम करते हैं।

ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी लाइफस्टाइल को सुधारें और डाइट में ऐसी चीजों को हिस्सा बनाएं जो आपको इन बीमारियों से बचाव करने में मदद करें। इसके लिए आप मोरिंगा का भी सेवन कर सकते हैं। मोरिंगा में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जिसके कारण यह कई बीमारियों के खिलाफ प्रभावी है। लोग इसके स्वास्थ्य लाभों के कारण सदियों से मोरिंगा का उपयोग करते आ रहे हैं। आइए जानते हैं आपको किन वजहों से इसका सेवन करना शुरू करना चाहिए।



मोरिंगा ओलीफेरा दुनिया में सबसे अधिक पोषक तत्वों से भरपूर पौधों में से एक है। क्या आप जानते हैं यह एकमात्र ऐसा पेड़ है जिसकी जड़ें, छाल, पत्तियां और फलों तक में औषधीय गुण मौजूद हैं। यही कारण है कि कई बीमारियों के इलाज में सदियों से इसका इस्तेमाल होता आ रहा है। जानी मानी न्यूट्रिशनिस्ट लीमा महाजन ने अपने एक वीडियो में बताया मोरिंगा की पत्तियों में पालक से दोगुना आयरन, दूध से डेढ़ गुना अधिक कैल्शियम और एक संतरे जितना विटामिन सी मौजूद होता है। ऐसे में अगर आपको स्किन और बाल संबंधी समस्याएं हैं या फिर आयरन की कमी और कमजोर इम्यूनिटी है तो आप इस नेचुरल मेडिसिन का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आयरन की कमी होती है दूरः** मोरिंगा में भरपूर मात्रा में आयरन मौजूद होता है। जिस वजह से इसे डाइट का हिस्सा बनाना एक फायदेमंद कदम साबित हो सकता है। यह आयरन की कमी की वजह से होने वाले एनीमिया, थकान और हेयर लॉस से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। आयरन के अलावा मोरिंगा में हाई प्रोटीन भी होता है, जो ओवरऑल हेल्थ के लिए लाभदायक होता है।

**विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंटः** इसके अलावा मोरिंगा में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट (क्वेरसेटिन, क्लोरोजेनिक एसिड) भी मौजूद होते हैं, जो स्किन और बालों की हेल्थ के लिए बेहद फायदेमंद हैं। विटामिन सी इम्यूनिटी को बूस्ट करने, डल स्किन से छुटाकारा दिलाने और कोलेजन के उत्पादन को बढ़ावा देने में मदद करता है।

**बना सकते हैं डाइट का हिस्सा :** आप कई तरह से मोरिंगा को अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। आप दाल या करी में इसकी पत्तियां डाल सकते हैं, इसका चीला या पराठा बना सकते हैं, स्मूदी या दही में पाउडर का उपयोग कर सकते हैं और चाय के रूप में भी सेवन कर सकते हैं। हां लेकिन ध्यान रखें कि हफ्ते में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल पर्याप्त है। मोरिंगा का सेवन शुरू करने से पहले आपको कुछ बातें पता होनी चाहिए, जैसे कि अधिक मात्रा से इसका उपयोग करने से पाचन ख़राब हो सकता है।

घरेलू उपाय

# अनाज को घुन से बचाएगा हींग और सफेद विनेगर का घोल, दोबारा नहीं लगेंगे कीड़े

**चावल** में घुन या कीड़े लगना एक आम लेकिन बड़ी समस्या है क्योंकि इसकी वजह से पूरा अनाज बर्बाद हो जाता है। अब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए लोग कई तरह के तरीके आजमाते हैं। कुछ तो घंटों तक बैठकर चावल को साफ करने में ही जुट जाते हैं। हालांकि यूट्यूबर अविका रावत ने एक अनोखा और आसान घरेलू उपाय बताया है। दावा है कि नुस्खा एक मिनट में घुन को बाहर निकाल देगा और दोबारा कीड़े नहीं लगेंगे। इस नुस्खे की खासियत यह है कि इसमें तीखी गंध वाली हींग और सफेद विनेगर का इस्तेमाल किया जाता है।



**हींग और विनेगर का मिश्रण :** अविका रावत की ट्रिक के मुताबिक चावल से घुन निकालने के लिए सबसे पहले एक छोटा कंटेनर या जार लेना है। इसमें 4 से 5 चम्मच सफेद विनेगर डालना है और उसमें थोड़ी सी हींग मिलानी है। हींग की तेज और तीखी गंध और विनेगर का एसिडिक नेचर कीड़ों को बाहर निकालने में मदद करता है। घोल तैयार हो जाने के बाद चावल में रखना है। इसके लिए एक बड़े बर्तन या कंटेनर में चावल निकालें जिसमें घुन लगे हुए हैं। अब हींग और विनेगर वाले छोटे जार को, बिना ढक्कन लगाए चावल के बीचों-बीच रख दें। ध्यान रहे कि कंटेर खुला हो ताकि उसकी तीखी गंध चावल के कणों तक पहुंच सके और कीड़ों पर असर कर सके।

**एक मिनट में घुन निकलने का दावाः** यूट्यूबर अविका रावत का दावा यह है कि यह नुस्खा केवल एक मिनट में घुन को चावल से बाहर निकाल देगा। हींग और विनेगर के मिश्रण की तेज, असहनीय गंध के कारण घुन और अन्य कीड़े तुरंत चावल को छोड़कर बाहर की तरफ भागने लगते हैं। इसकी वजह से आपको घंटों तक चावल से कीड़े निकालने की मेहनत नहीं करनी पड़ती। चावल से घुन निकलने के बाद भी यह तरीका उपयोगी है। अविका का कहना है इस हींग-विनेगर के मिश्रण को चावल के कंटेनर में रखने से दोबारा कीड़े नहीं लगेंगे। हींग और विनेगर की तेज और टिकाऊ गंध कीड़ों को चावल के पास आने से रोकती है। यह प्राकृतिक रूप से चावल को कीड़े से दूर रखता है।

**आसान और कम खर्चीला नुस्खाः** सबसे अच्छी बात है कि यह नुस्खा बेहद आसान है और इसके लिए उपयोग की जाने वाली सामग्री हींग और विनेगर आमतौर पर हर घर की रसोई में आसानी से उपलब्ध होती है। तो आपको कुछ भी खरीदने की जरूरत नहीं है और केमिकल फ्री भी है। यह उन लोगों के लिए बहुत अच्छा उपाय है जो प्राकृतिक और आसान तरीकों से अपने अनाज को सुरक्षित रखना चाहते हैं।

### ग्राम पाटन में सांवरिया सेठ मंदिर में आयोजित हुई भजन संध्या

# भजन संध्या में शामिल हुए विधायक शर्मा ने दी ग्रेवल मार्ग सहित सामुदायिक भवन की सौगात

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

दीपावली की बड़ी दूज पर ग्राम पाटन स्थित प्राचीन श्री सांवरिया सेठ मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सांवरिया सेठ मंदिर सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता करते हुए करीब पंद्रह लाख रु के विकास कार्यों की सौगात भी प्रदान की।

जन सहयोग से विशाल रूप में नव निर्माण हो रहे श्री सांवरिया सेठ मंदिर में आयोजित भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने उपस्थित सनातन धर्म के बंधुओ को संबोधित करते हुए कहा कि सांवरिया सेठ का यह दरबार बहुत सिद्ध और चमत्कारी है। जब जब पृथ्वी पर धर्म की हानि होती हे तब तब किसी न किसी रूप में भगवान राम कृष्ण अवतार लेकर दुर्जन शक्ति से हमारी रक्षा करते हैं। ऋषी मुनि,सज्जन शक्ति,अच्छे लोगों का हमको भी संरक्षण करना चाहिए यह हमारे ग्रंथ हमें सीखते हैं। भगवान श्री राम एवं कृष्ण की जीवन लीला हमारी सनातन संस्कृति में एक आदर्श दर्शन के रूप में विद्यमान हैं जिसका हमको अनुसरण भी करना चाहिए। विधायक शर्मा ने भजन संध्या में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित नागरिकों,बुजुर्गों से भारत विरोधी शक्तियों का मुंहतोड़ उत्तर देने के लिए सनातन हिन्दू एकता पर जोर देते हुए कहा कि अगर हम सब ऊंच नीच,अगड़े पिछड़े, जाति बिरादरी का भेद भूलकर एकसाथ रहेंगे तो कोई भी शक्तिशाली देश हमारे देश का कुछ नहीं बिगाड़ सकता। उन्होंने यादव समाज के नागरिकों से भी एक सैनिक की भांति जागरूक रहकर सनातन समाज की रक्षा करने का आग्रह किया।इस अवसर पर विधायक शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को दीपावली,दूज की शुभकामनाएं देते हुए पुष्पवृष्टि कर स्वागत सम्मान किया। बड़ी दूज के अवसर पर आयोजित भजन संध्या में कमलसिंह यादव,कैलाश शर्मा, संतोष चौरे, चितावर मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत, सरपंच लेखराज सिंह यादव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू, एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा,चरणसिंह यादव,डोंगर सिंह यादव,फतेहसिंह यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे।



### 12 लाख रुपए की लागत से बनेगा ग्रेवल मार्ग, 3 लाख का भवन तैयार

कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज लटेरी मार्ग से श्री सांवरिया सेठ मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब आधा किलोमीटर से अधिक के बनने वाले ग्रेवल मार्ग का भूमिपूजन किया ।जिला पंचायत निधि से करीब 12 लाख में बनने वाली इस सड़क में दो पुलियों का भी निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अपने विधायक निधि से तीन लाख में बनकर तैयार हुए सामुदायिक भवन का भी लोकार्पण किया। इसके अलावा उन्होंने आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वीकृत हो चुके मार्गो की भी जानकारी स्थानीय उपस्थित नागरिकों को प्रदान की।

## 4.92 करोड़ की सड़क बनेगी, किया भूमिपूजन



**नर्मदापुरम।** ग्राम पंचायत हथवांस रामविलास कॉलोनी में एस.एच. 22 हनुमान मंदिर से भोंखेडी-कुम्हाबड तक 5 किमी सड़क निर्माण का भूमि पूजन किया गया। इस परियोजना पर 4 करोड़ 92 लाख रुपये की लागत आएगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पिपरिया विधायक ठाकुरदास नागवंशी और सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने विधिवत पूजन कर कार्य का शुभारंभ किया। सांसद चौधरी ने कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश सरकार की नीतियों से गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछ रहा है। यह सड़क बनने से आसपास के कई गांवों के हजारों लोगों को आवागमन में बड़ी सहूलियत मिलेगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे, एवं अन्य जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ई-शिक्षा केंद्र का किया शुभारंभ



**गंजबासौदा।** संवेदना फाउंडेशन्स के तत्वाधान में ई-शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी, गोविंद पटेल, किशन महाराज, निरंजन सिंह रघुवंशी पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष, छोटेलाल रघुवंशी , राजा रघुवंशी, राहुल जी पलोड़ आदि गणमान्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। संवेदना फाउंडेशन्स की इस पहल में नगर के गरीब बच्चों एवं महिलाओं को निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा एवं स्टेनोग्राफी की शिक्षा प्रदान की जावेगी एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये जायेंगे। ज्ञात हो कि संवेदना फाउंडेशन्स एक गैर सरकारी संगठन है संवेदना फाउंडेशन्स का उद्देश्य वंचित बच्चों को शिक्षा से सशक्त बनाना, महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा समाज में पर्यावरणीय मुद्दों पर जागरूकता फैलाना है। संवेदना फाउंडेशन्स की अध्यक्ष श्वेता गुप्ता, ट्रस्टी एवं ट्रेजरी रूपम साध तथा अन्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे। ट्रस्टी रूपम साध ने बताया कि वह अपनी संस्था के माध्यम से अपने गृह नगर ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क डिजिटल शिक्षा, कम्प्यूटर टायपिंग और स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण प्रदान करना चाहते हैं इसलिये संवेदना फाउंडेशन्स ई-शिक्षा केन्द्र का शुभारंभ कर ग्रामीण व छोटे शहरों के बच्चों और महिलाओं को निःशुल्क डिजिटल शिक्षा, कम्प्यूटर टायपिंग और स्टेनोग्राफी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिये तत्पर है ताकि वे तकनीकि रूप से सशक्त होकर आत्मनिभर बन सके।

### दीक्षा मौत कांड में नया खुलासा

## अवैध मुस्कान क्लीनिक की लापरवाही पर जांच की रिपोर्ट ने खोले राज



**सीहोर, दोपहर मेट्रो**

मासूम दीक्षा कुशवाहा की मौत के मामले में जांच टीम की प्रारंभिक रिपोर्ट ने अवैध मुस्कान क्लीनिक की लापरवाही को उजागर कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार क्लीनिक संचालक अशोक विश्वकर्मा न तो योग्य डॉक्टर था और न ही उसे गंभीर बीमारियों की पहचान का अनुभव था। जिस बीमारी को उसने सामान्य बुखार समझा, वह वास्तव में मस्तिष्क का बुखार था।

जांच में यह भी सामने आया है कि क्लीनिक पहुंचते ही दीक्षा को एक अज्ञात दवा का इंजेक्शन लगाया गया। कुछ ही मिनटों में बच्ची की तबीयत बुरी तरह बिगड़ गई और वह बेहोश होकर कोमा में चली गई। डॉक्टर ने बिना ऑक्सीजन या आपात उपचार की सुविधा के परिजनों को उसे भोपाल रेफर कर दिया, जहां पांच दिन बाद उसकी मौत हो गई। डॉ. नवीन मैहर की अध्यक्षता वाली समिति ने बताया कि दीक्षा के लक्षण ÷एन्सेफलाइटिस÷ यानी मस्तिष्क संक्रमण के थे। यह गंभीर बीमारी है, जिसमें तत्काल विशेषज्ञ इलाज की आवश्यकता होती है। मगर झोलाछाप संचालक ने इसे सर्दी-बुखार समझकर इंजेक्शन दे दिया। टीम ने संकेत दिए हैं कि समय पर सही इलाज होता, तो दीक्षा की जान बचाई जा सकती थी।

फॉलोअप जांच में यह तथ्य भी उभरा है कि मुस्कान क्लीनिक को पहले ही दिसंबर 2024 में बंद करने का आदेश दिया गया था। बावजूद इसके यह क्लीनिक पिछले 10 महीनों से धड़ल्ले से चल रहा था। सीएमएचओ कार्यालय से महज 10 किलोमीटर की दूरी पर यह अवैध अस्पताल संचालित होता रहा, लेकिन किसी अधिकारी को भनक तक नहीं लगी।

## विधायक और रेलवे के अधिकारियों ने किया गली का निरीक्षण

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

वार्ड एक, दो और तीन के नागरिकों का रेल्वे बाउंड्री बनने के कारण आवागमन बंद हो गया था तभी से नागरिक रास्ता खोले जाने की मांग कर रहे हैं। विगत कुछ दिन पूर्व रेलवे ने नागरिकों की मांग को मान भी लिया और रास्ता भी खोला लेकिन रास्ता महज तीन फिट के खुलने से समस्या का निदान नहीं हुआ।

नागरिकों ने पुनः जब विधायक हरिसिंह रघुवंशी को समस्या बताई तब विधायक ने पुनः केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से समस्या के निदान के लिए आग्रह किया चौहान ने पूरे मामले में रेल मंत्री व रेल्वे के से वरिष्ठ अधिकारियों को समस्या से अवगत कराया। रेल्वे के सीनियर डीसीएम सौरभ कटियार रास्ते के निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां विधायक हरिसिंह रघुवंशी सहित वार्ड के नागरिकों सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान डीसीएम ने कई विकल्पों पर विधायक व स्थानीय नागरिकों से चर्चा की परन्तु नागरिक मुख्य गली से ही रास्ता खोले जाने पर अड़े रहे जबकि सीनियर डीसीएम रेल्वे ने अगली गली से रास्ता दिए जाने का प्रस्ताव रखा रेलवे अधिकारियों का कहना था कि जिस मुख्य गली से रास्ता मांगा जा रहा है उस स्थान पर रेल्वे की दो व चार पहिया की पार्किंग है जिसका ठेका दिया जा चुका है लेकिन नागरिक उसी स्थान से रास्ता खोले जाने पर अड़े रहे तब जाकर डीसीएम रेल्वे ने आश्वासन दिया कि में पूरे विषय व समस्या की जानकारी रेल्वे के वरिष्ठ अधिकारियों को दूंगा में मुख्य गली के खोले जाने के लिए भी प्रयास करूंगा और शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा और रास्ता भी खोला जाएगा। इस दौरान नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, महेंद्र लोधी, अनिल रैकवार, दीपक शर्मा, राकेश खटीक, राजू सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## हादसे को न्यौता देता ब्रिज, कई बार हो चुकी है मरमत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कृषि उपज मंडी खेड़ा के पास नर्मदापुरम और इटारसी को जोड़ने वाले ब्रिज की स्थिति दिन-ब-दिन खतरनाक होती जा रही है। ब्रिज पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और सड़क की सतह पर एक बड़ी दरार ने तो सड़क को दो हिस्सों में बाँट दिया है। रोजाना सैकड़ों वाहन इस ब्रिज से गुजरते हैं, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है।

नर्मदापुरम इटारसी को जोड़ने बाला यह ब्रिज पवारखेड़ा से नागपुर थर्ड रेल लाइन पर करीब डेढ़ साल पहले करोड़ों रुपए की लागत से बनाया गया था। लेकिन निर्माण के इतने कम समय में ही इसकी बदहाल स्थिति कई सवाल खड़े करती है। बता दे कि सितंबर माह में ठेकेदार द्वारा गड्ढों की अस्थायी मरम्मत कराई गई थी, परंतु मात्र एक माह बाद ही सड़क फिर से जगह-जगह से उखड़ गई। वाहन चालकों और राहगीरों को यहाँ से गुजरना अब जोखिम भरा बन गया है। स्थानीय भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता मनीष ठाकुर ने ब्रिज की हालत पर गंभीर चिंता जताई। उनका कहना है कि करोड़ों रुपए की लागत से बना यह पुल आज मरम्मत के अभाव में लोगों की जान के लिए खतरा बन चुका है। उन्होंने बताया कि नागरिकों, सामाजिक संगठनों और मीडिया द्वारा कई बार रेलवे अधिकारियों को पुल की स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन विभागीय लापरवाही के कारण समस्या जस की तस बनी हुई है। मनीष ठाकुर ने चेतावनी दी कि यदि रेलवे प्रशासन जल्द मरम्मत कार्य शुरू नहीं करता, तो वे पब्लिक न्यूसेंस अधिनियम के तहत डीआरएम और ठेकेदार के खिलाफ न्यायालय में मामला दर्ज कराएँगे। जेआरयूसीसी सदस्य राजा तिवारी ने बताया कि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने जबलपुर में आयोजित सांसदों की जोनल बैठक में इस ब्रिज की दुर्दशा को लेकर शिकायत दर्ज कराई है।



## आज शहर में छाए बादल हल्की बारिश की संभावना



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदापुरम संभाग (इटारसी, नर्मदापुरम, होशंगाबाद, हरदा, बैतूल) में आज मौसम का मिजाज बदला हुआ है। सुबह से ही आसमान में हल्के बादल छाए हुए हैं, जिसके कारण अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की है। पूरे संभाग में आज दिन के समय हल्की बारिश होने की संभावना है, जबकि रात में भी बादल छाए रहेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। अधिकतम तापमान संभाग में लगभग 27 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। न्यूनतम तापमान लगभग 22 डिग्री सेल्सियस तक रह सकता है। आद्रता अधिक रहेगी, जिससे मौसम में नमी महसूस होगी।

उधर इटारसी में भी आज दिन के समय आसमान बादल छाए हुए है वहीं, रात के समय बारिश की हल्की बौछारें पड़ सकती हैं। अधिकतम तापमान लगभग 27 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान लगभग 22 डिग्री तक जा सकता है। दिन में हल्की बारिश की 20 प्रतिशत और रात में 45 प्रतिशत तक संभावना है।

**मेट्रो एंकर** | रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम में पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य के लिए निःशुल्क परीक्षण शिविर आयोजित

# अधिकारियों व पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दिया परामर्श

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस लाइन परिसर, रक्षित केन्द्र नर्मदापुरम में शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल भी उपस्थित रहीं।

स्वास्थ्य शिविर में जिले के स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन सहित अन्य सामान्य जांचें की गईं। कुल 111 पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी इस स्वास्थ्य परीक्षण में शामिल हुए। जांच के बाद चिकित्सकों ने उपस्थित पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए तथा खानपान और जीवनशैली से जुड़ी उपयोगी जानकारी साझा की।पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा ने कहा कि नियमित स्वास्थ्य जांच प्रत्येक कर्मी के लिए आवश्यक है, क्योंकि पुलिस कर्मचारियों का कार्य अत्यधिक जिम्मेदारीपूर्ण एवं तनावपूर्ण होता है।



### हर मंगल व शुक्रवार को करा सकेंगे जांच

उन्होंने रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल को निर्देश दिए कि प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को इसी प्रकार के स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएं, ताकि सभी कर्मियों को समय-समय पर जांच एवं परामर्श का अवसर मिल सके। रक्षित निरीक्षक स्नेहा चंदेल ने बताया कि इन शिविरों से कर्मचारियों को न केवल अपने स्वास्थ्य की जांच का अवसर मिलेगा, बल्कि समय रहते किसी भी संभावित स्वास्थ्य समस्या का पता लगाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग अपने प्रत्येक सदस्य के स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति संवेदनशील है।

## एक डेयरी संचालक ने निर्धारित समय में डेयरी विस्थापित करने की सहमति दी, 9 संचालकों पर एफआईआर के निर्देश

# डेयरी का गोबर सड़क के पास फैलाने वाले पशु पालक पर लगाया 10 हजार का जुर्माना

**सागर, दोपहर मेट्रो**

लक्ष्मीपुरा वार्ड में डेयरी संचालित कर बड़ी मात्रा में गोबर सड़क के पास खुले प्लॉट पर फैलाने वाले डेयरी संचालक देवेंद्र घोषी पर दस हजार का जुर्माना और एफआईआर कराने के निर्देश निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने दिए। निगमायुक्त ने शहर का निरीक्षण किया।

उन्होंने कुल 10 डेयरियों का निरीक्षण किया इसमें से 9 डेयरी संचालकों पर एफआईआर कराने के निर्देश निगम के अधिकारियों को दिये। एक डेयरी संचालक ने दिये गए समय में डेयरी शहर से बाहर विस्थापित करने हेतु सहमती दी। सागर शहर को स्वच्छता में अव्वल बनाने, शहर की सुंदरता को बनाये रखने, पशुओं के सड़कों पर खुले में विचरण से होने वाली यातायात समस्या समाप्त करने और नागरिकों को हताहत घायल होने से बचाने जैसे विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए महत्वकान्छी डेयरी विस्थापन परियोजना हफसिली के शतप्रतिशत प्रभावी संचालन हेतु बागडोर नगर निगम आयुक्त सह कार्यकारी निदेशक सागर स्मार्ट सिटी राजकुमार खत्री ने स्वयं अपने हाथों में लेते हुए शहर के डेयरी संचालकों को बार-बार समझाइस देने के बाद अब कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने पशु विचरण मुक्त सागर बनाने का मैराथन प्रयास एक बार पुनः प्रारम्भ करते हुए शुक्रवार को सागर शहर में संचालित विभिन्न डेरियों का निरीक्षण किया और चंद दिनों की मोहलत देकर सभी पशुडेयरियां शहर से बाहर करने के निर्देश दिये। उन्होंने शहर भ्रमण कर कुल 10 डेयरी संचालकों की डेयरी पर पहुंचकर यथास्थिति देखी और डेयरी बाहर करने हेतु कहा। गोपालगंज में सौरभ यादव, अखिलेश यादव, सुरेश यादव की डेयरी, शनिचरी में रमेश यादव, प्रेमनारायण यादव, रोहित यादव, लक्ष्मीपुरा में देवेंद्र घोषी, चंदु घोषी, केशवगंज में प्रदीप यादव आदि की डेयरियों पर पहुंचकर उक्त डेरी संचालकों से संवाद किया। दो-चार दिन में सभी डेयरी शहर से बाहर डेयरी विस्थापन परियोजना स्थल हफसिली या अन्यत्र लेकर जाने के निर्देश दिए। इन पर एफआईआर कराने के निर्देश निगम अधिकारीयों को दिए।



### ये भी खास

- ओमकार यादव (लल्लू यादव) ने अपनी डेयरी निर्धारित समय में शहर से बाहर विस्थापित करने की सहमती दी।
- डेयरियों का शहर से बाहर होना डेयरी संचालकों, नागरिकों, पशुओं और हमारे शहर सभी के हित में है।
- डेयरी विस्थापन में सकारात्मक सहयोग देने वाले पशुपालकों को दी जायेगी हर सम्भव मदद।

## कलेक्टर ने कृषि उपज मंडी में पहुंचकर किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

# मूलभूत सुविधाएं मंडी में ही उपलब्ध कराने और सहानुभूति पूर्वक व्यवहार कर खरीदी कार्य करें

### भावांतर योजना के तहत मंडी में सोयाबीन की खरीदी शुरू

**सागर, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर संदीप जी आर ने सागर मंडी पहुंचकर भावांतर योजना के तहत मंडियों में सोयाबीन की खरीदी शुरू कराई साथ ही निर्देश दिए कि जिले की सभी मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं, किसान भाईयों से सहानुभूति पूर्वक व्यवहार कर खरीदी का कार्य करें एवं कलेक्टर ने किसानों अपील की कि सोयाबीन एवं मक्का की उपज को सुखाकर लाए एवं मंडी में शांति बनाए रखकर उपार्जन का कार्य करें। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, एसडीएम अमन मिश्रा, तहसीलदार संदीप तिवारी, राहुल कुमार गौड़, मंडीसचिव राघवेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

कलेक्टर ने आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर शुरू की गई भावांतर योजना का सागर कृषि मंडी पहुंचकर शुभारंभ कराया एवं किसान भाइयों से चर्चा की एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि आप सभी अपनी सोयाबीन एवं मक्का की उपज को सुखाकर लाएं जिससे कि खरीदी में परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों की सुविधा की दृष्टि से सागर मंडी सहित जिले की सभी मंडियों में अतिरिक्त काउंटर लगाएं जिससे कि समय पर उनका उपार्जन हो सकें। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों की सुविधा के लिए मंडी परिसर में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं जिसमें विशेष रूप से छाया, पानी एवं माइक सिस्टम लगाए साथ में साइन बोर्ड लगाएं जिससे की किसान भाइयों को अपनी फसल बेचने में सहुलियत हो।



कलेक्टर ने निर्देश दिए की किसान भाइयों की सुरक्षा की दृष्टि से अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया जाए, साथ में आवश्यकता अनुसार बेरीकेटिंग भी कराई जाए।

# नरवाई जलाने वालों की शिकायत, प्रकरण दर्ज

### कलेक्टर की अपील किसान नरवाई ना जलाएं

**सागर, दोपहर मेट्रो**

जिले में फसल अवशेष जलाने के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रहली तहसील के ग्राम बगरोन में किसान अजय पिता घूमन दांगी द्वारा खेत में मक्का फसल के अवशेष जलाने की घटना सामने आई। इस संबंध में हल्का पटवारी विक्रम तिवारी ने थाना रहली में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन के आधार पर आरोपी अजय दांगी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। जांच में यह पाया गया कि अजय दांगी ने खसरा नंबर 309/4/2, कुल रकबा 1.80 हेक्टेयर में से लगभग 0.40 हेक्टेयर भूमि पर मक्का की नरवाई जलाकर शासन के निर्देशों का उल्लंघन किया है। शासन द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए सुपर सीडर एवं अन्य यांत्रिक उपकरणों के उपयोग की सलाह दी गई है। इसके बावजूद कुछ किसान नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। इस पर तहसीलदार रहली के आदेशानुसार प्राथमिकी दर्ज की गई है।

राहतगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम बहादुरपुर में भी मक्का की नरवाई जलाने पर दो किसानों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। फरियादी मनोज कुमार प्रजापति, निवासी वल्लभ नगर वार्ड, थाना मोतीनगर, जिला सागर ने इस संबंध में तहसीलदार राहतगढ़ के माध्यम से थाना राहतगढ़ में आवेदन प्रस्तुत किया। जांच में पाया गया कि यह घटना कलेक्टर के आदेश का उल्लंघन है, जिसके अंतर्गत जिले की सीमा में पराली या नरवाई जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध है। नायब तहसीलदार राहतगढ़ एवं राजस्व निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत पंचनामा प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया कि ग्राम बहादुरपुर, प.ह.नं. 08, खसरा नं. 269/2 की भूमि पर, जो कृषक बृजेश कुमार उर्फ उपकार एवं जयबाबू उर्फ उत्सव के स्वामित्व में है, वहां खेत में कटे हुए मक्का के डंठलों में आग लगी पाई गई। इस पर तहसीलदार राहतगढ़ के निर्देशानुसार थाना राहतगढ़ में दोनों किसानों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कलेक्टर संदीप जी. आर. ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे नरवाई या पराली न जलाएं तथा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए संसाधनों का उपयोग करें। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रदेश में धान, गेहूं एवं अन्य फसलों के अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है।

### कलेक्टर ने दिया आदेश

# जिले में कार्बाइड गन प्रतिबंधित, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई



**सागर, दोपहर मेट्रो**

भारतीय नागरिक सुरक्षा के तहत सागर जिले में आम नागरिको की जान-माल, स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से गैस लाइटर, प्लास्टिक पाइप लाइन और कैल्शियम कार्बाइड के उपयोग से बनी कार्बाइड गन तथा इसी प्रकार के विधि विरुद्ध अन्य खतरनाक उपकरणों के निर्माण, कय-विक्रय, प्रदर्शन एवं इसके उपयोग प्रयोग को तत्काल प्रतिबंधित किया है। साथ ही कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट संदीप जी आर ने सभी एस.डी.एम., कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस प्रतिबंधात्मक आदेश को सख्ती से लागू कराने एवं निगरानी करने के निर्देश दिए।

प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार कोई भी व्यक्ति, संस्थाएँ, व्यापारी प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण, भण्डारण, कय-विक्रय नहीं करेगा। किसी प्रकार के अवैध प्रतिबंधात्मक पटाखा, आतिशबाजी, लोहा स्टील अथवा पीवीसी पाईपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) की बिकी, वितरण या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि यह आदेश नागरिको की सुरक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण की रक्षा, प्रदूषण की रोकथाम से संबंधित होकर आम जन से संबंधित है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया है कि वह ऐसी सूचनाएं प्राप्त होने तथा उक्ता आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध विधि अनुसार कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

### किश्त की राशि मिलने के बाबजूद नहीं किया निर्माण

# प्रधानमंत्री आवास के 165 डिफाल्टर हितग्राहियों के बैंक खाते किए फ्रीज

**सागर, दोपहर मेट्रो**

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ न करने पर 165 डिफाल्टर हितग्राहियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न बैंकों में उनके खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों की जांच की गई थी जिन्होंने किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया था, ऐसे सभी हितग्राहियों को निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए नगर निगम द्वारा नोटिस जारी किए गए थे फिर भी 165 हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण का कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किया गया।

निगमायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी एल सी घटक के अंतर्गत ढाई लाख रुपए की राशि से प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय किश्त की राशि प्राप्त करने वाले हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि आवास निर्माण के लिए किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद निर्माण कार्य प्रारंभ न करने वाले हितग्राहियों को आवास निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ करने हेतु नोटिस जारी किए गए थे। उसके बाद भी 165 हितग्राहियों द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। नगर निगम आयुक्त द्वारा ऐसे 165 डिफाल्टर हितग्राहियों के विभिन्न बैंकों में खाते फ्रीज कराने की कार्रवाई की

# जांच दल की भनक लगते ही स्कूल गेट पर ताला जड़कर फरार हो गया प्राचार्य, एक घंटे तक खड़े रहे अधिकारी

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक शहर के सतलापुर इलाके में स्थित मां शारदा विद्या मंदिर स्कूल में अनियमितताओं का मामला तूल पकड़ गया है। शुक्रवार को स्कूल पहुंचे जांच दल को एक घंटे से अधिक समय तक स्कूल के बाहर खड़े रहना पड़ा, क्योंकि प्राचार्य संजीव चौहान ने जांच की भनक लगते ही गेट पर ताला जड़ दिया और फरार हो गए। स्कूल स्टाफ ने भी सहयोग करने से इनकार कर दिया, जिससे जांच प्रक्रिया बुरी तरह प्रभावित हुई।

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एसएन चौहान सहित मंडीदीप के दोनों संकुल प्राचार्यों का नेतृत्व कर रहे जांच दल को स्कूल पहुंचने पर बंद गेट का सामना करना पड़ा। बार-बार प्राचार्य संजीव चौहान को फोन करने के बाद आखिरकार गेट खुला, लेकिन स्टाफ ने जांच में पूर्ण सहयोग नहीं किया। विभाग के अनुसार, स्कूल पर हायर सेकेंडरी मान्यता प्राप्त करने के लिए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करने का गंभीर आरोप है। इसके अलावा, हायर सेकेंडरी स्तर के मानकों का पालन न करने जैसे कई उल्लंघन सामने आए हैं। आपको बता दें कि मा शारदा



स्कूल में वर्तमान में लगभग 600 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं, जो इस घटना से सबसे अधिक प्रभावित होंगे। स्कूल के पास कोई खेल मैदान नहीं और स्कूल में हायर सेकण्डरी के बच्चों के लिए प्रयोगशाला नहीं। हायर सेकंडरी के बच्चों के लिए विशेषज्ञ शिक्षक शिक्षिकाएं नहीं, स्कूल के लिए निर्धारित जमीन की मोके पर उपलब्धता नहीं। शिक्षा समिति में भी अनियमिताओं की शिकायत की थी

> मां शारदा स्कूल की शिकायत को लेकर आज हमारी टीम स्कूल पहुंची थी, लेकिन स्कूल गेट पर ताला लगा हुआ था और प्राचार्य मोके पर मौजूद नहीं थे, टीम फिर एक बार स्कूल जाकर बात जांच करेगी।
>
> **–एस एन चौहान**, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी।

> मैं डॉक्टर के पास गया था, स्कूल के ही पूर्व शिक्षक ने झूठी शिकायत की है जो कि पूरी तरह से बेबुनियाद है।
>
> **–संजीव चौहान**, स्कूल प्राचार्य

**मेट्रो एंकर**

### शहर में सात स्थानों पर होगा छठ पूजा का आयोजन

# औद्योगिक शहर में मनेगा छठ महापर्व, 30 हजार श्रद्धालु लेंगे हिस्सा

**मंडीदीप, दोपहर मेट्रो**

औद्योगिक शहर में लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा की तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश से जुड़े संयुक्त भोजपुरी समाज द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय मुख्य आयोजन में करीब 30 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है। शहर की व्यस्त औद्योगिक जिंदगी के बीच यह पर्व सूर्य देवता और छठी मैया की कठिन तपस्या के माध्यम से सुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति और पारिवारिक कल्याण की कामना को समर्पित है। संगठन के अध्यक्ष कृष्ण कुमार चौबे ने बताया कि मुख्य आयोजन कालियासोत नदी के घाट और सतलापुर क्षेत्र में होगा, जहां हजारों व्रती जल में उतरकर अर्घ्य अर्पित करेंगे।

छठ पूजा, जिसे सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है, कार्तिक शुक्ल पक्ष की चतुर्थी से सप्तमी तिथि तक चार दिनों तक मनाया जाने वाला पर्व है। इस वर्ष यह महापर्व शनिवार 25 अक्टूबर से आरंभ होकर 28 अक्टूबर को समाप्त होगा। पर्व की शुरुआत नहाय-खाय से होती है, जब व्रती शुद्ध स्नान कर सात्विक भोजन ग्रहण करते हैं। दूसरे दिन खरना पर निर्जला व्रत रखा जाता है, जिसमें गुड़ की खीर और फलों का प्रसाद बनाया जाता है। तीसरा एवं मुख्य आयोजन जिसमें वृती संध्या अर्घ्य देकरसुख-समृद्धि, संतान प्राप्ति और पारिवारिक कल्याण की कामना करते हैं। आयोजन के अंतिम दिन और चौथे दिन उषा अर्घ्य के साथ 36 घंटे का कठिन निर्जला व्रत समाप्त होता है। मंडीदीप जैसे औद्योगिक क्षेत्र में रहने वाले प्रवासी बिहारी परिवारों के लिए यह पर्व अपनी जड़ों से जुड़ाव का माध्यम बनता है, जहां सूर्योदय और सूर्यास्त दोनों समय अर्घ्य देकर प्रकृति के प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है।



### व्यापक स्तर पर तैयारी

मंडीदीप में छठ पूजा का मुख्य आकर्षण कालियासोत घाट पर होगा, जहां विशेष सजावट, सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सतलापुर में भी समानांतर आयोजन होगा, ताकि अधिक से अधिक लोग हिस्सा ले सकें। चौबे ने कहा, ﬂयह पर्व केवल पूजा नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता का प्रतीक है। हमने घाटों पर लाइटिंग व सभी सुविधाएं सुनिश्चित की हैं।

### यहां भी होगा आयोजन

मंडीदीप में राहुल नगर, शीतल टाउन, पटेल नगर, भव्य सिटी और सावलिया बिहार कॉलोनी में अलग-अलग स्थानों पर पूजा का आयोजन किया जाएगा। इन क्षेत्रों में रहने वाले भोजपुरी समाज के परिवार शामिल होंगे।

### टीम इंडिया सीरीज तो हार चुकी, लेकिन सामने आए पॉजिटिव पॉइंट

# रोहित शर्मा की फॉर्म, हर्षित राणा के ऑलराउंड शो ने दी राहत

**एडिलेड, एजेंसी**

भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में 2 विकेट से हार झेलनी पड़ी। 23 अक्टूबर को एडिलेड ओवल में खेले गए मुकाबले में भारत ने मेजबान टीम को जीत के लिए 265 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 22 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। वनडे सीरीज का तीसरा एवं आखिरी मुकाबला 25 अक्टूबर (शनिवार) को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (स्ट्टत) में खेला जाना है। ये मुकाबला जीतकर भारतीय टीम वनडे सीरीज में क्लीन स्वीप होने से बचना चाहेगी।

भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज हार चुकी है, लेकिन इसके बावजूद मेन इन ब्लू के लिए कुछ सकारात्क चीजें भी देखने को मिली हैं। रोहित शर्मा पर्थ में अपने कमबैक मैच में सिर्फ 8 रन बना सके थे, लेकिन एडिलेड वनडे में उन्होंने 97 गेंदों पर 73 रनों की पारी खेली, जिसमें सात चौके और दो छक्के शामिल रहे। इस इनिंग्स के दौरान रोहित शुरुआत में थोड़ संघर्ष करते दिखे, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने



अपनी लय पा ली। रोहित अपनी इनिंग्स के दूसरे भाग में पुराने रंग में दिखे और कुछ बड़े शॉट्स लगाए। रोहित को देखकर ऐसा लग रहा था कि वो अच्छा करने के इरादे से क्रीज पर उतरे हैं। एक बार रन आउट होने से बचने के लिए रोहित ने ड्राइव भी लगाई। रोहित ने संकेत दे दिए हैं कि वो वनडे क्रिकेट से अभी संन्यास लेने वाले नहीं हैं।

एडिलेड वनडे में तेज गेंदबाज हर्षित राणा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जो भारतीय टीम के लिए अच्छी खबर है। हर्षित ने पहले बल्ले से अच्छा प्रदर्शन करते हुए 18 गेंदों पर नाबाद 24 रन बनाए। फिर उन्होंने 59 रन देकर दो विकेट चटकाए।

### अर्शदीप-श्रेयस अय्यर भी छाए

खब्बू तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और उप-कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया। श्रेयस फिलहाल भारतीय टीम के लिए एक ही फॉर्मेट खेल पा रहे हैं। एडिलेड वनडे में श्रेयस ने 61 रन बनाए और रोहित शर्मा संग 118 रनों की पार्टनरशिप की। उधर जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में अर्शदीप सिंह ने दोनों मैचों में गेंद से प्रभावित किया और शुरुआती सफलताएं दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने भले ही भारतीय टीम के खिलाफ वनडे सीरीज को अपने नाम कर लिया है। लेकिन रोहित शर्मा, अक्षर पटेल, हर्षित राणा जैसे खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने भारतीय फैन्स में उम्मीदों का नया संचार किया है।

### हरकतों से बाज नहीं आ रहे नकवी

## विजेता भारत की ट्रॉफी एसीसी मुख्यालय से हटा कर अबु धाबी में रखी

**नई दिल्ली।** एशिया कप ट्रॉफी विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख मोहसिन नकवी की जिद है। पहले उन्होंने खिताब विजेता भारत की ट्रॉफी चोरी कर एसीसी मुख्यालय में रखवाई, अब खबर आई है कि उन्होंने ट्रॉफी यहां से भी हटा दी और अबु धाबी में कहीं रखवा दी है। सूत्रों ने बताया कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने हाल ही में एसीसी मुख्यालय का दौरा किया था, जहां उन्हें बताया गया कि ट्रॉफी अब वहां नहीं है और वह अबु धाबी में मोहसिन नकवी की कस्टडी में है। बता दें कि, विवाद की शुरुआत तब हुई जब भारत ने नकवी से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। भारत की पांच विकेट से जीत के बाद पोस्ट-मैच सेरेमनी करीब 90 मिनट तक टली रही। इस दौरान एक अधिकारी मंच से ट्रॉफी हटाकर उसे मैदान से बाहर ले गया, जिससे हड़कंप मच गया।




### नकवी की मांग को भारत ने किया खारिज

भारत द्वारा ट्रॉफी की वापसी की प्रतीक्षा के बीच अब यह मामला नया मोड़ ले चुका है। इस महीने की शुरुआत में नकवी ने शर्त रखी थी कि अगर भारत सच में ट्रॉफी चाहता है, तो उसके प्रतिनिधि को आकर उनसे ट्रॉफी लेनी होगी। हाल ही में उन्होंने यह भी प्रस्ताव दिया कि भारत को एशिया कप 2025 की ट्रॉफी सौंपने के लिए वह एक औपचारिक समारोह आयोजित करना चाहते हैं। हालांकि, भारत ने उनकी इस मांग को ठुकरा दिया। बीसीसीआई ने नकवी को औपचारिक पत्र भेजकर ट्रॉफी सौंपने की मांग की थी, लेकिन नकवी ने अपने जवाब में कहा कि वह ट्रॉफी खुद नहीं भेजेंगे, बल्कि भारत को किसी खिलाड़ी को भेजकर समारोह में इसे लेना होगा। सितंबर के अंत में हुई एसीसी बैठक के बाद ऐसी खबरें आई थीं कि नकवी ने बीसीसीआई से माफी मांगी है, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने इसे सिरे से नकार दिया। अब तक ट्रॉफी भारत को सौंपे जाने पर कोई औपचारिक निर्णय नहीं लिया गया है।

### महिला विश्व कप में एक जीत को तरसा पाकिस्तान

# बुरी तरह मुंह की खाकर खत्म हुआ अभियान, रन रेट भी 0.58

**कोलंबो, एजेंसी**

महिला विश्व कप 2025 में पाकिस्तान का सफर एक भी जीत हासिल किए बगैर समाप्त हो गया। शुक्रवार को कोलंबो में श्रीलंका के खिलाफ खेला जाने वाला मुकाबला एक बार फिर बारिश की भेंट चढ़ गया। पूरे टूर्नामेंट में पाकिस्तान की टीम एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाई और टूर्नामेंट में एकमात्र ऐसी टीम बनी जो बिना किसी जीत के वापस लौटी।



### एक भी जीत हासिल नहीं कर सका पाकिस्तान

अंक तालिका में पाकिस्तान फिलहाल सातवें स्थान पर है, जिसके खाते में केवल तीन अंक हैं और नेट रन रेट -0.58 है। ये सभी अंक उन्हें ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और श्रीलंका के खिलाफ बारिश से रद्द हुए मैचों से मिले। अगर 26 अक्तूबर यानी रविवार को नवी मुंबई में होने वाले मैच में बांग्लादेश भारत को हरा देता है, तो पाकिस्तान तालिका में सबसे नीचे खिसक जाएगा। हालांकि, इसकी संभावना बहुत कम है।

### श्रीलंका ने सिर्फ एक मुकाबला जीता

श्रीलंका ने टूर्नामेंट में अपना अभियान पांच अंकों और -1.035 नेट रन रेट के साथ समाप्त किया, जबकि उन्हें सात मैचों में सिर्फ एक जीत मिली। पाकिस्तान के लिए यह विश्व कप बेहद निराशाजनक रहा, जहां टीम ने कई मौकों पर संघर्ष तो किया लेकिन जीत हासिल नहीं कर सकी। सेमीफाइनल की चार टीमें तय हो चुकी हैं, जिनमें ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड और भारत शामिल हैं। लेकिन अभी इस बारे में संशय जारी है कि कौन सी टीम अंतिम चार में किससे सामना करेगी। यह तय है कि भारतीय टीम चौथे स्थान पर रहेगी क्योंकि अगर वह आखिरी मैच जीत जाती है तो भी उसके आठ अंक ही होंगे, जबकि इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया अंक के मामले में भारत से आगे है। इंग्लैंड नौ अंक लेकर तीसरे स्थान पर है और उसका सामना अंतिम मैच में न्यूजीलैंड से होगा। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका का सामना शीर्ष पर चल रही ऑस्ट्रेलिया से है। अगर इंग्लैंड न्यूजीलैंड को हराने में सफल रही तो उसके 11 अंक हो जाएंगे, जबकि अगर दक्षिण अफ्रीका को ऑस्ट्रेलिया से हार मिली तो वह 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर आ जाएगी।

## जूनियर वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी पाकिस्तानी हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** बिहार के राजगीर में हुए एशिया कप हॉकी 2025 में पाकिस्तानी टीम ने भाग नहीं लिया था। अब कुछ महीनों बाद पाकिस्तान ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 2025 से भी अपना नाम वापस ले लिया है। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप भी भारत में ही होना है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने शुक्रवार को इस बात की पुष्टि की। एफआईएच ने कहा कि पाकिस्तान की जगह नई टीम की घोषणा जल्द की जाएगी। एफआईएच ने यह भी कहा कि टूर्नामेंट में पूरी संख्या में



टीम्स शामिल होंगी, ताकि प्रतियोगिता बिना किसी रुकावट के जारी रह सके। जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक चेन्नई और मदुरै में खेला जाना है। टूर्नामेंट में 24 टीम्स भाग लेंगी। एफआईएच की ओर से समाचार एजेंसी पीटीआई को जारी बयान में कहा गया, हम पुष्टि करते हैं कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ को सूचित किया है कि वे भारत में होने वाले एफआईएच मेन्स जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में भाग नहीं लेंगे।

### 3 साल की उम्र में ही पिता ने पहचाना टैलेंट

## 22 साल बाद बेटी प्रतीक बन गई भारतीय क्रिकेट की शान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जब प्रतीका रावल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ महिला वर्ल्ड कप में अपनी पहली शतकीय पारी पूरी की, तो नवी मुंबई का डॉ. डीवाई पाटिल स्टेडियम खुशी और गर्व की लहरों से गूंज उठा। 25 साल की युवा बल्लेबाज ने अपने हेलमेट को उठाया और बैट हवा में घुमाते हुए दर्शकों की दुलार भरी सराहना का जवाब दिया। प्रतीका-प्रतीका की आवाजें स्टेडियम की हर दिशा में गूंज उठीं, जैसे पूरा मैदान उनकी सफलता का जश्न मना रहा हो। इस पल ने न केवल दर्शकों के दिलों को छू लिया, बल्कि पिता प्रदीप रावल की आंखों में भी अनकही भावनाओं की झिलमिलाहट ला दी।

भीड़ में मौजूद उनके पिता प्रदीप रावल इस पल को देखने के लिए बेहद भावुक थे। प्रतीका को महज तीन साल की उम्र से प्रशिक्षित करने का उनका फैसला अब शानदार तरीके से रंग ला चुका है। प्रतिका ने अपनी शांत और संयमित शैली में बल्लेबाजी शुरू की और 134 गेंदों में 122 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और 2 छक्के शामिल थे। उनके इस प्रदर्शन से भारत ने 49 ओवरों में 3 विकेट पर 340 रन का स्कोर बनाया। स्मृति मंधाना के साथ 212 रनों की ओपनिंग साझेदारी ने भारत की स्थिति को मजबूत किया। गुरुवार को प्रतीका ने महिला वनडे इतिहास में अपना नाम सुनहरे अक्षरों में दर्ज कर लिया, जब उन्होंने 1,000 रन पूरे करने वाली सबसे तेज बल्लेबाजों में खुद को शामिल किया। उन्होंने यह उपलब्धि ऑस्ट्रेलिया की लिंडसे रीलर के साथ साझा की। प्रतीका ने 23 पारियों में 1,110 रन बनाए हैं, औसत 50.45 और स्ट्राइक रेट 82.83 के साथ। इसमें उनके 2 शतक और 7 अर्धशतक शामिल हैं।



### बचपन से ही दिखी प्रतिभा

प्रतीका की प्रतिभा बचपन से ही उजागर हुई। 9 साल की उम्र में उन्होंने रणजी ट्रॉफी के अनुभवी खिलाड़ियों को अपनी स्ट्रोकप्ले से चौंका दिया। बचपन में वह बास्केटबॉल में भी प्रतिभाशाली रहीं और 2019 में दिल्ली के 64वें स्कूल नेशनल गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। 2020 में उन्होंने क्रिकेट को चुना और 2021 में दिल्ली के लिए घरेलू पदार्पण किया। प्रदीप रावल ने बताया कि उन्होंने प्रतीका को हमेशा जमीन पर खेलना सिखाया। रेलवे कोच दीप्ति ध्यानी ने 2017 में उनकी तकनीक को और निखारा। उनके मार्गदर्शन से प्रतिका ने अपनी बल्लेबाजी को शानदार शैली और स्थिरता दी।

### टीम इंडिया की सेमीफाइनल चुनौती

प्रतीका ने स्मृति मंधाना के साथ जबरदस्त ओपनिंग साझेदारी बनाई है। इस जोड़ी ने 23 पारियों में कुल 1,799 रन बनाए हैं, जिसमें 7 शतकीय साझेदारियां शामिल हैं। यह महिला क्रिकेट में किसी भी ओपनिंग विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। सेमीफाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया या साउथ अफ्रीका का सामना करना है, लेकिन प्रदीप का भरोसा है कि भारत ही एक ऐसी टीम है जो ऑस्ट्रेलिया को हरा सकती है।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

## नसीरुद्दीन शाह ने शाहरुख खान को कहा ऊबाऊ, बांधे अक्षय की तारीफों के पुल

**दिग्गज एक्टर नसीरुद्दीन शाह अपने बेबाक बोल के लिए सुर्खियों में रहते हैं। उन्होंने राजेश खन्ना से लेकर दिलीप कुमार, अमिताभ बच्चन जैसे कलाकारों पर टिप्पणी की है और सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अब उनका एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने मेनस्ट्रीम के बॉलीवुड एक्टर्स के बारे में अपनी राय दी है। उन्होंने शाहरुख खान को बोरिंग और अक्षय कुमार की तारीफ की है।**

नसीरुद्दीन शाह से सवाल किया गया था कि क्या वह खान, कुमार या देवगन जैसे फेमस एक्टर्स की फिल्में देखते हैं और उनके टैलेंट की तारीफ करते हैं? तो उन्होंने जवाब दिया, नहीं, और मैं उन्हें देखने की कोशिश भी करता। मैंने उनमें से कइयों के साथ काम किया है लेकिन किसी ने मुझे खास इम्प्रेस नहीं किया।

नसीरुद्दीन शाह ने कहा, सिर्फ अक्षय कुमार ही हैं, जिनकी मैं बहुत तारीफ करता हूं क्योंकि बिना किसी गाइडेंस, गॉडफादर या सपोर्ट के उन्होंने अपनी जगह बनाई हैं। और अब उनकी एक्टिंग में क्षमता दिखाई देती है। इतने लंबे समय तक एक्टिंग करने के बाद वह एक अच्छे एक्टर बन गए हैं।



**शाहरुख खान को बताया बोरिंग-** इस इंटरव्यू में एक्टर को बताया गया कि शाहरुख खान ने भी बिना किसी सहारे मुकाम हासिल किया है। तो इस पर नसीरुद्दीन शाह बोले, हां, और इसके लिए मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं लेकिन एक एक्टर के तौर पर वह बोरिंग होते जा रहे हैं। बता दें कि रत्ना पाठक शाह के पतिदेव ने किंग खान और खिलाड़ी कुमार के साथ काम किया है। शाहरुख खान के साथ कभी हां कभी ना, चमत्कार और मैं हूं ना की है तो अक्षय के साथ वह मोहरा में नजर आए हैं।

## नए शहर को समझने के लिए एक्ट्रेस सैयामी खेर का अपना अलग है स्टाइल



मुंबई। भारतीय अभिनेत्री और मॉडल सैयामी खेर ने हाल ही में रोम में अपनी छुट्टियों का पूरा आनंद लिया। अपनी व्यस्त जीवनशैली के बावजूद,सैयामी ने अपनी यात्रा को खास बनाने के लिए दो चीजों को जोड़ा, जो उन्हें सबसे ज्यादा पसंद हैं। पहला परिवार के साथ समय बिताना और दूसरा दौड़ना। आईएएनएस से बात करते हुए उन्होंने बताया कि जब भी वह किसी नए शहर की यात्रा करती हैं तो वहां की सड़कों पर हाफ मैराथन दौड़ना उनका एक शहर को महसूस करने का एक तरीका होता है।

सैयामी ने इस बार अपनी छुट्टियां अपने माता-पिता और बहन के साथ बिताईं। उन्होंने रोम के खूबसूरत नजारों, ऐतिहासिक जगहों और स्वादिष्ट इटालियन व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। इस दौरान उन्होंने रोम हाफ मैराथन में भी हिस्सा लिया। सैयामी ने कहा, मेरे लिए शहर को जानने का सबसे अच्छा तरीका पैदल या दौड़कर घूमना है। रोम में दौड़ना एक अद्भुत अनुभव था। दौड़ के दौरान मैंने स्पेनिश स्टेप्स, ट्रेवी फाउंटेन और कोलोसियम जैसी प्रमुख जगहों से होकर गुजरते हुए शहर की ऊर्जा महसूस की। सैयामी ने आगे बताया कि दौड़ के दौरान मौसम बहुत अच्छा था और हवा ताजी थी। शहर के हर कोने में इतिहास और संस्कृति की झलक मिल रही थी, जो दौड़ को और भी खास बना रही थी। उन्होंने कहा, कुछ पल ऐसे भी आए जब मुझे लगा ही नहीं कि मैं दौड़ रही हूं। मैं बस मुस्कुरा रही थी और शहर के माहौल का आनंद ले रही थी। 21 किलोमीटर दौड़ने के बाद मैंने पिज्जा और आइसक्रीम खाई और मैंने हर निवाले का पूरा आनंद लिया। फैंस इन दिनों सैयामी की आने वाली फिल्म हैवान का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ सैफ अली खान, अक्षय कुमार, बोमन ईरानी और श्रिया पिलगांवकर नजर आएंगे।



**मेट्रो बाजार**

## भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अक्टूबर में दो महीनों के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारत की मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में अक्टूबर में जबरदस्त तेजी देखने को मिली है, इससे एचएसबीसी फ्लैश इंडिया मैन्युफैक्चरिंग परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया है, जो कि सितंबर में 57.7 था। यह जानकारी शुक्रवार को जारी रिपोर्ट में दी गई। एसएंडपी ग्लोबल की ओर से संकलित किए गए आंकड़ों में बताया गया कि भारत का मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर मजबूती से बढ़ रहा है। इसकी वजह मजबूत मांग और लागत पर दबाव का कम होना है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई में वृद्धि, नए ऑर्डरों में बढ़त, उत्पादन में इजाफा और स्थिर रोजगार स्तर व्यावसायिक परिस्थितियों में सुधार को दिखाते हैं। एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी के अनुसार, हाल ही में जीएसटी दरों में की गई कटौती से घरेलू मांग को बढ़ावा मिला है और साथ ही इनपुट लागत को नियंत्रण में रखने में भी मदद मिली है। भंडारी ने आगे कहा कि अक्टूबर में मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई के बढ़ने की एक वजह जीएसटी की दरों में कटौती है। इससे घरेलू मांग और लागत पर दबाव कम हुआ है। रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यात से जुड़ी समस्याएं लगातार बनी हुई हैं और इससे नए निर्यात ऑर्डर और भविष्य के बिजनेस आशावाद पर दबाव पड़ रहा है।

## भारत के फाइनेंशियल सेक्टर में जम कर दांव लगा रहे विदेशी निवेशक

नई दिल्ली। भारत के फाइनेंशियल सेक्टर पर विदेशी निवेशक बुलिश बने हुए हैं और 2025 में अब तक करीब 65,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया है। इन विदेशी निवेशकों में ब्लैकस्टोन, अमीरात एनबीडी, इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी, सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉर्पोरेशन और अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी का नाम शामिल है, जिन्होंने फेडरल बैंक, आरबीआई बैंक, सम्मान कैपिटल, यस बैंक और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक जैसे दिग्गज भारतीय निजी बैंकों में निवेश किया है।



दिग्गज वैश्विक एसेट मैनेजमेंट कंपनी ब्लैकस्टोन ने फेडरल बैंक में 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 6,196 करोड़ रुपए का निवेश करने का ऐलान किया है। फेडरल बैंक की ओर से ब्लैकस्टोन को 27.29 करोड़ वारंट्स जारी किए जाएंगे। इनका टिकट प्राइस 227 रुपए प्रति वारंट रखा गया है। यूएई के दूसरे सबसे बड़े बैंक अमीरात एनबीडी की ओर से आरबीएल बैंक में 26,853 करोड़ रुपए के निवेश का ऐलान किया गया है। इस डील के तहत अमीरात एनबीडी आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगा।

इस महीने की शुरुआत में सम्मान कैपिटल ने ऐलान किया था कि अबु धाबी की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी , एनबीएफसी में एक अरब डॉलर या 8,850 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रही है और इसके बदले इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी अबु धाबी को कंपनी में प्रेफरेंशियल इक्विटी शेयर्स और वारंट्स के जरिए 41 प्रतिशत हिस्सेदारी दी जाएगी।

## न्यूज विंडो

### चॉकलेट के बहाने मासूम का अपहरण, उतारा मौत के घाट

कानपुर, एजेंसी। उत्तर प्रदेश के कानपुर में दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक युवक ने पड़ोस में रहने वाले पांच साल के मासूम बच्चे का अपहरण कर उसकी बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस जांच में सामने आया है कि



आरोपी की नजर उस बच्चे की मां पर थी। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी युवक बच्चे को अपने साथ ले जाता नजर आया है। फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।यह घटना कानपुर के बर्रा इलाके की है। यहां मक्खन सोनकर अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। उनका पांच वर्षीय बेटा आयुष सोनकर शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे अचानक घर से लापता हो गया। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन बच्चे का कोई पता नहीं चला, तो उन्होंने थाने पहुंचकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।बच्चे की मौसी रेखा ने बताया कि मेरी बहन ममता दोपहर में बच्चों को ऊपर ले जा रही थी, तभी पड़ोसी शिवम आया और बोला कि आयुष को नीचे चॉकलेट दिलाने ले जा रहा हूं। कुछ देर बाद जब बच्चा वापस नहीं आया तो सबको चिंता हुई।

### अवैध मदिरा के खिलाफ कार्यवाही, 31 आरोपियों को किया गिरफ्तार

उज्जैन । अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की कार्यवाही लगातार जारी है। कार्यवाही अंतर्गत 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक जिले में 53 प्रकरण पंजीबद्ध करते हुए 31 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

सहायक आबकारी आयुक्त सुश्री निधि जैन द्वारा गत दिवस कम्पोजिट मदिरा दुकान मताना कलां एवं पिपलई का औचक निरीक्षण कर मदिरा दुकानों पर रखे गए लायसेंसों का निरीक्षण किया गया। साथ ही मदिरा दुकानों पर साफ-सफाई रखे जाने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा विक्रय, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध लगातार कार्यवाही करने के लिए सहायक आबकारी आयुक्त सुश्री निधि जैन द्वारा जिले के कार्यपालिक बल के अलग-अलग दलों का गठन किया गया है। यह दल जिले में लगातार सक्रिय होकर गश्त/भ्रमण कर रहा है। होटल, ढाबों की सतत चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में कलेक्टर श्री सिंह के आदेश तथा प्रभारी सहायक आबकारी आयुक्त के नेतृत्व में गठित दलों द्वारा क्षेत्र के सिंदल ढाबा, बेबी ढाबा, माली दा ढाबा, कारतूस ढाबा नागदा, रंगोली ढाबा नागदा, चौधरी ढाबा, लब्बू का ढाबा, जागृति ढाबा, संता बंता ढाबा, महाकाली ढाबा एवं गुमटियों की चेंकिग कर 17 अक्टूबर से 23 अक्टूबर तक चेकिंग के दौरान जिले के उज्जैन, खाचरौद, नागदा, महिदपुर, बड़नगर एवं तराना क्षेत्रों में 53 प्रकरणों में 31 आरोपियों के विरूद्ध नामजद प्रकरण दर्ज कर 83 लीटर मदिरा एवं 2280 किलोग्राम लहान जप्त किया गया है।

### नाबालिग के अपहरण व बलात्कार के मामले में कोर्ट ने 2 को भेजा जेल

**शोपियां, एजेंसी ।** नाबालिगों को निशाना बनाकर किए जाने वाले अपराधों के खिलाफ कानून को बरकरार रखते हुए, सत्र न्यायाधीश शोपियां की अदालत ने शुक्रवार को जिले के जैनापोरा इलाके से एक नाबालिग लड़की के अपहरण और बलात्कार के मामले में दो लोगों को दोषी ठहराया और सजा सुनाई। यह मामला यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत दर्ज किया गया था।यह मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 363 और पॉक्सो अधिनियम की धारा 3, 4 और 17 के तहत जैनापोरा पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी संख्या 150/2022 से संबंधित है। दोषियों की पहचान यावर अहमद शेख, पुत्र गुलाम मोहम्मद शेख और मेहराज अहमद डार, पुत्र अब्दुल गफ्फार डार के रूप में हुई है, दोनों खाजपोरा जैनापोरा के निवासी हैं।दोनों को 2022 में एक नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन उत्पीड़न का दोषी पाया गया। जांच के दौरान, पुलिस ने सभी महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए, गवाहों के बयान दर्ज किए और अदालत में एक विस्तृत आरोप पत्र दाखिल किया।

# खून और नदी एक साथ नहीं बह सकते... तालिबान भी रोकेगा पाक का पानी

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी।** तालिबान के सुप्रीम लीडर हिबतुल्लाह अखुंदज़ादा ने अफगानिस्तान के जल मंत्री अब्दुल लतीफ़ मंसूर से कुनार नदी पर तत्काल बांध बनाने को कहा है। इस आदेश का मकसद कुमार नदी के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकना है। अब्दुल लतीफ़ मंसूर ने दावा किया है कि÷अफगानों को अपने जल संसाधनों का प्रबंधन करने का अधिकार है। कुनार नदी पाकिस्तान के चित्राल क्षेत्र से निकलने वाली 480 किलोमीटर लंबी नदी है, जो अफगानिस्तान के नंगहार और कुनार प्रांतों से होकर गुजरती है और वापस पाकिस्तान की सिंधु नदी में मिल जाती है। अफगानिस्तान से पाकिस्तान में बहने वाली काबुल और कुनार नदियां पाकिस्तान के लिए पानी का एक बड़ा स्रोत हैं।



तालिबान ने भारत की तर्ज पर ही पाकिस्तान का पानी रोकने का फैसला किया है। तालिबान ने भारत की तर्ज पर ही कहा है कि खून और नदी एक साथ नहीं बह सकते। भारत ने भी पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को सस्पेंड कर दिया था। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो टूक शब्दों में कहा था कि नदी और खून एक साथ नहीं बह सकते और तालिबान ने भी भारत के स्टैंड को ही अपनाया है।

### अफगानिस्तान की रणनीति

तालिबान के शीर्ष सूत्रों ने कहा है कि पाकिस्तान हमारे नागरिकों पर हमला करने के लिए हवाई शक्ति का इस्तेमाल कर रहा है और हम पानी को उसके आंतरिक मामलों में,. पाकिस्तान के हस्तक्षेप के खिलाफ एकमात्र गैर-सैन्य हथियार के रूप में देखते हैं। दशकों से, ढ्रस्ढ्ढ ने काबुल पर नियंत्रण के लिए आईएसआई गुटों को धन और हथियार दिए हैं। पानी को रोकने या मोड़ने से काबुल को पाकिस्तान के गहरे सरकारी हथकंडों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक हथियार मिलता है। अफगानिस्तान हेलमंद, काबुल, कुनार जैसी अपनी नदियों पर संप्रभुता का इस्तेमाल कर रहा है, जो अफगान पहाड़ों से निकलती हैं लेकिन पाकिस्तानी कृषि भूमि की सिंचाई करती हैं।

# आरजेडी में लौटने से बेहतर मौत को चुनूंगा: तेज प्रताप यादव



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने बड़ा बयन देते हुए कहा कि वह ''राष्ट्रीय जनता दल में लौटने से बेहतर मौत को चुनेंगे। कुछ महीने पहले उनके पिता एवं राजद प्रमुख लालू प्रसाद ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था।

तेज प्रताप ने कहा कि उन्होंने नई पार्टी 'जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) बनाई है और वह महुआ विधानसभा सीट से चुनाव मैदान में हैं। यह वही सीट है, जहां से उन्होंने 2015 में पहली बार चुनाव लड़ा था। तेज प्रताप ने अपने छोटे भाई और महागठबंधन (इंडिया ब्लॉक) के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव पर भी अप्रत्यक्ष रूप से टिप्पणी करते हुए कहा कि ''सत्ता उसी को मिलती है जिसे जनता का आशीर्वाद प्राप्त हो। उन्होंने कहा, ''मैं राजद में लौटने से बेहतर मौत को चुनूंगा। मैं सत्ता का भूखा नहीं हूं। मेरे लिए सिद्धांत और आत्मसम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने दावा किया, ''मेरे लिए सबसे बड़ी बात जनता की सेवा करना है। मैं ईमानदारी से ऐसा करता हूं और लोग मुझसे प्यार व भरोसा करते हैं।

### पहले बूथ लुटता था, अब उम्मीदवार लूटने लगे: प्रशांत किशोर



बेतिया। बिहार चुनाव को लेकर सभी पार्टियां मैदान में जुट गई हैं। जन सुराज पार्टी का भी चुनावी अभियान जारी है। शुक्रवार को पश्चिमी चंपारण में जन सुराज सुप्रीमो प्रशांत किशोर ने जनसभा को संबोधित किया।मीडिया से बातचीत के दौरान पीके ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में पहले बूथ लुटता था। लेकिन अब अमित शाह ने उम्मीदवार लूटने का नया काम शुरू किया है। हमारे 3-4 उम्मीदवार लूटे तो आज गोपालगंज में एक सूद समेत वापस कर दिए हैं। बाकी का हिसाब बिहार की जनता करेगी।आपको बता दें कि गोपालगंज में जन सुराज पार्टी ने निर्दलीय उम्मीदवार अनूप श्रीवास्तव को अपना समर्थन देने का एलान किया है।प्रशांत किशोर ने कहा कि जनता देख रही है कि ये गुजराती लोग दिल्ली में बैठकर बिहार का भविष्य तय कर रहे हैं। ताकि बिहार मजदूरों की फैक्ट्री बनी रहे। बिहार के बच्चे जाएं मजदूरी करने और गुजरात के लोग फैक्ट्री के मालिक बने रहें।इस दौरान प्रशांत किशोर यहीं नहीं रुके, उन्होंने पीएम मोदी पर भी निशाना साधा।

### महागठबंधन में मुस्लिमों की अनदेखी पर चिराग नाराज

बिहार विधानसभा चुनाव (2025) को लेकर महागठबंधन में सीएम फेस तेजस्वी यादव और डिप्टी सीएम के चेहरे के लिए मुकेश साहनी के नाम की घोषणा कर दी गई है। 'इंडिया गठबंधन में किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री या किसी प्रमुख पद का उम्मीदवार नहीं बनाया। इसको लेकर लोजपा (रामविलास) के चीफ और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा है।चिराग पासवान ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 2005 में मेरे नेता मेरे पिता स्व. रामविलास पासवान जी ने मुस्लिम मुख्यमंत्री बनाने के लिए अपनी पार्टी तक कुर्बान कर दी थी - तब भी आपने उनका साथ नहीं दिया। राजद 2005 में भी मुस्लिम मुख्यमंत्री के लिए तैयार नहीं था, आज 2025 में भी न मुस्लिम मुख्यमंत्री देने को तैयार है, न उपमुख्यमंत्री ! केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि अगर आप यानी मुसलमान वोटर बंधुआ वोट बैंक बनकर रहेंगे, तो सम्मान और भागीदारी कैसे मिलेगी?



### भोजपुरी इंडस्ट्री की लोक गायिका बिजली रानी का निधन

**पटना।** भोजपुरी की मशहूर लोक गायिका और नृत्यांगना बिजली रानी नहीं रहीं। बिजली रानी का शुक्रवार की शाम को निधन हो गया। उनकी उम्र 70 साल थी। कभी अपनी आवाज और डांस से लोगों के दिलों पर बिजली गिराने वालीं बिजली रानी लंबे समय से बीमार थीं। उनका निधन बिहार के रोहतास जिले के नटवर गांव के उनके पैतृक आवास पर हुआ। उनकी दोनों किडनी फेल हो चुकी थी। उनका जन्म बिहार के सासाराम के नटवर गांव में हुआ था। 80-90 के दशक में वे भोजपुरी इंडस्ट्री की चमचमाती तारा बनीं। अपनी खनकदार आवाज और डांस मूव्स से उन्होंने भोजपुरी लोक जगत को अपना दीवाना बना दिया था। कहते हैं कि भोजपुर, शाहाबाद और मगध क्षेत्र में उनके डांस और गायिकी के कद्रदानों की फौज थी। एक तरह से कहें तो वह थियेटर जगत की शान थीं। 90 के दशक में शादियों और स्टेज शोज में उनके बिना कोई आयोजन अधूरा माना जाता था।



# ट्रंप बोले- रूस के मामले में अमेरिका की मदद करे चीन

### राष्ट्रपति ने सेट किया जिनपिंग संग बातचीत का एजेंडा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह चाहते हैं कि चीन, रूस के मामले में अमेरिका की मदद करे। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा, मैं चाहूंगा कि रूस के मामले में चीन हमारी मदद करे। मैं चाहता हूं कि चीन इसमें हमारी भूमिका समझे और सहयोग करे। ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका और रूस के बीच यूक्रेन युद्ध को लेकर तनाव चरम पर है और वॉशिंगटन ने हाल ही में मॉस्को पर नए प्रतिबंध लगाए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द ही अपने पांच दिवसीय एशिया दौरे पर रवाना होंगे, जिसमें मलेशिया, जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा शामिल है। यह उनके कार्यकाल का अब तक का सबसे लंबा विदेशी दौरा होगा। वह कुआलालंपुर में रविवार (26 अक्टूबर) से शुरू हो रहे आसियान शिखर सम्मेलन में भी हिस्सा लेंगे। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने पुष्टि की कि राष्ट्रपति



ट्रंप अपने एशिया दौरे के दौरान 29 अक्टूबर से दक्षिण कोरिया के ग्योंगजू में शुरू हो रहे एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे।।

### भारत ने यूएन में पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी, कहा-

# 'लोकतंत्र तुम्हारे लिए विदेशी शब्द'

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित सुरक्षा परिषद की खुली बहस के दौरान भारत ने पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाई। पाकिस्तान की दलीलों का जवाब देते हुए भारत के स्थायी प्रतिनिधि और राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने कहा कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।हरीश ने पाकिस्तान पर तीखा प्रहार करते हुए कहा-हम जानते हैं कि लोकतंत्र जैसी अवधारणाएं पाकिस्तान के लिए विदेशी हैं। उन्होंने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग भारत की लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक ढांचे के तहत अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल करते हैं, जबकि पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन कर रहा है।

#### पाक कब्जे वाले इलाकों में दमन का आरोप

राजदूत हरीश ने संयुक्त राष्ट्र से आह्वान किया कि वह पाकिस्तान से अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों में मानवाधिकार हनन, दमन, सैन्य उत्पीड़न और संसाधनों के दोहन को रोकने की मांग करे। उन्होंने कहा कि वहां की जनता पाकिस्तानी कब्जे और क्रूरता के खिलाफ विद्रोह कर रही है। हरीश ने कहा कि अब समय आ गया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा



परिषद की संरचना में व्यापक सुधार किया जाए, क्योंकि 1945 की व्यवस्था अब 2025 की चुनौतियों के अनुरूप नहीं है।80 साल पुरानी परिषद की संरचना आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को नहीं दर्शाती। ग्लोबल साउथ की आवाज़ को वैश्विक निर्णय लेने की प्रक्रिया में स्थान मिलना चाहिए।÷उन्होंने कहा कि सुधारों को टालना ग्लोबल साउथ के देशों के साथ अन्याय होगा, क्योंकि वे बड़ी आबादी और विकास, जलवायु तथा वित्तपोषण जैसी विशेष चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

**मेट्रो एंकर** नदियों व तालाबों के घाटों पर जमकर बन रही हैं रील

# इंटरनेट मीडिया पर छाई छठ पूजा

गोरखपुर, एजेंसी। छठ पूजा का उल्लास इंटरनेट मीडिया पर चरम पर है। रामगढ़ताल, राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ घाट एवं श्रीराम घाट सहित विभिन्न जगहों पर युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में रील बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर रही हैं। शहर के आधा दर्जन से अधिक स्टूडियों में छठ पूजा के गीतों की रिकार्डिंग दशहरा के पूर्व हुई है। कलाकारों का कहना है कि लोक आस्था के महापर्व पर गीतों की खूब मांग रहती है। इनको इंटनरेट मीडिया पर देखा जा रहा है।



अपराह्न 03:00 बजे राप्ती नदी के गुरु गोरक्षनाथ घाट पर नैना गुप्ता और मुस्कान चौधरी जोड़े फलवा छठ गीत पर रील बनाती नजर आईं। उन्हें देखकर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। नैना ने बताया कि इस बार छठ पूजा पर पारंपरिक रील खूब ट्रेंड कर रहे हैं। उनकी जोड़ी एक दर्जन से अधिक गीतों पर रील बनाकर प्रसारित कर चुकी है। इंटरनेट मीडिया इन्लुएंसर (प्रभावक) प्रिया पाठक और रीतू सिंह भी छठ पूजा की तैयारियों और पूजा-अर्चना से जुड़ी रील बनाकर प्रसारित कर रही हैं।

उधर, शहर के विभिन्न रिकार्डिंग स्टूडियो में भी छठ गीतों की रिकार्डिंग हुई है। लोक गायक प्रभाकर शुक्ल ने रानीबाग बड़गो स्थित स्टूडियो में केरवा ज फरेला घवधिया ओ पर सुगा मंडराए गीत की रिकार्डिंग कराई है।

### गुम हुई पिकासो की पेंटिंग स्पेन पुलिस ने की बरामद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्पेन की पुलिस ने पाब्लो पिकासो की एक पेंटिंग बरामदगी का दावा किया है, जो एक प्रदर्शनी के दौरान गायब हो गई थी। यह पेंटिंग अक्टूबर की शुरुआत में मैड्रिड से दक्षिणी शहर ग्रेनेडा ले जाते समय गायब हो गई थी।स्टिल लाइफ विद गिटार के नाम की ये पेंटिंग 1919 में गौचे और पेंसिल से बनाई गई थी। जिसकी कीमत लगभग 6 लाख यूरो (7 लाख डॉलर) आंकी गई। पेंटिंग को काजाग्रानाडा फाउंडेशन की एक नई एग्जिबिशन के हिस्से के तौर पर दिखाया जाना था। जब 6 अक्टूबर को जब ट्रक का सामान खोला गया तो क्यूरेटर ने देखा कि पिकासो की कलाकृति गायब थीकाजाग्रानाडा फाउंडेशन ने एक बयान में कहा कि ट्रक से डिलीवर किया गया सारा सामान तीन दिन पहले आने के बाद से ही वीडियो सर्विलांस में था।

# 84 महादेव मंदिरों के उन्नयन कार्य की कार्ययोजना की अनुशंसा की गई

### सिंहस्थ मेला अधिकारी की अध्यक्षता में सिंहस्थ के प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**उज्जैन, ब्यूरो ।** सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह की अध्यक्षता में सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभागृह में पर्यवेक्षण समिति की षष्ठम बैठक में अनुशंसा के लिए प्रस्तुत करने सिंहस्थ 2028 के नवीन प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा कर पर्यवेक्षण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कार्यों की अनुशंसा की गई। बैठक में कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा, ज्वाइंट कलेक्टर संदीप सिंह और संबंधित विभागों के सभी अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बैठक में मेला अधिकारी श्री सिंह और कलेक्टर श्री सिंह ने सिंहस्थ आयोजन के विभिन्न आयामों पर चर्चा कर आवश्यकता अनुसार अन्य कार्यों की कार्ययोजना शीघ्र बनाकर तैयार कर शासन के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में सिंहस्थ मेला अधिकारी श्री सिंह ने सभी प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तायुक्त और मापदंडों के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में उज्जैन जिले में हरसिद्धि एवं भूखी माता मंदिरों का एकीकृत विकास कार्य, शनि मंदिर का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य, नारायण धाम का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्य, सांदीपनि आश्रम, सिद्धवट घाट, गढ़कालिका मंदिर परिसर, चिंतामण गणेश मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, 84 महादेव मंदिरों और कालभैरव मंदिर के उन्नयन और विकास के कार्यों की कार्ययोजना की अनुशंसा की गई।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564